उज्जैन
गुरुवार
02
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-148
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

भगवान हनुमान प्राकट्योत्सव

## दुनिया में जन्म के आधार पर नागरिकता देने वाले हम एकमात्र बेवकूफ

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पहली बार कोई राष्ट्रपति खुद सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में पहुंचा। ट्रम्प अपने ही फैसले से जुड़े मामले को देखने कोर्ट गए, जिसमें जन्म से मिलने वाली नागरिकता (बर्थराइट सिटिजनशिप) को सीमित करने की बात है। ट्रम्प काले सूट और लाल टाई में व्हाइट हाउस से मोटरकेड के जरिए कोर्ट पहुंचे और पब्लिक गैलरी की पहली पंक्ति में बैठे। वह करीब एक घंटे तक वहां रहे और सरकार के वकील की दलील पूरी होने के बाद चले गए। व्हाइट हाउस लौटने के बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा, हम ही दुनिया के एकमात्र ऐसे देश हैं जो बर्थराइट सिटिजनशिप की इजाजत देने के लिए इतने मूर्ख हैं।



## सेना के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी कमांड में नए कमांडर नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी कमांड में नए कमांडरों की नियुक्ति की गई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, तीनों अहम कमांड में बुधवार को नए अधिकारियों ने जिम्मेदारी संभाल ली। लेफ्टिनेंट जनरल वीएमबी कृष्णन ने पूर्वी कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पद संभाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी की जगह ली, जो 31 मार्च को रिटायर हुए। लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र पाल सिंह ने पश्चिमी कमांड की कमान संभाली। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार की जगह ली। पश्चिमी कमांड ने पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाई थी। लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने दक्षिणी कमांड के प्रमुख का पद संभाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ की जगह ली, जिन्हें अब सेना का वाइस चीफ बनाया गया है।

## वन नेशन वन इलेक्शन बिल पर मंथन तेज, जेपीसी ने यूनिवर्सिटी कुलपतियों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** देश में एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। इस दिशा में गठित संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी अब व्यापक विचार-विमर्श के तहत विभिन्न पक्षों की राय ले रही है। समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद पीपी चौधरी ने जानकारी दी कि संविधान संशोधन से जुड़े अहम विधेयक पर राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। बुधवार को आयोजित बैठक के बाद पीपी चौधरी ने कहा कि यह एक गंभीर और दूरगामी प्रभाव वाला विषय है, इसलिए हर संबंधित पक्ष की राय लेना जरूरी है।



## वजन घटाने वाली दवाओं की बिक्री पर सरकार सख्त, बिना प्रिस्क्रिप्शन के नहीं बिकेंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जीएलपी-1 आधारित वजन घटाने वाली दवाओं की अवैध बिक्री और विज्ञापन पर सख्ती बढ़ा दी है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने इन दवाओं की निगरानी तेज कर दी है और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने व कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। सरकार के अनुसार, ये दवाएं चिकित्सीय परामर्श वाली दवा (प्रिस्क्रिप्शन मेडिसिन) हैं, जिनका उपयोग टाइप-2 डायबिटीज और मोटापे के लिए होता है। इनके गंभीर साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, इसलिए इन्हें केवल विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह पर ही लेना चाहिए। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और क्लीनिकों पर इनकी बढ़ती ऑन-डिमांड उपलब्धता को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है।

### भस्म आरती में महाकाल का हनुमान जी स्वरूप दर्शन

# हनुमान जयंती पर सजे बाबा महाकाल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा महाकाल का भव्य हनुमान स्वरूप में श्रृंगार किया गया। गुरुवार तड़के 4 बजे मंदिर के पट खुलते ही भस्म आरती के दौरान अलौकिक दृश्य देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पट खुलने के बाद गर्भगृह में स्थापित सभी देव प्रतिमाओं का पूजन किया गया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। प्रथम घंटाल के साथ हरिओम का जल अर्पित कर पूजा की शुरूआत हुई।



### हनुमान स्वरूप में सजे बाबा महाकाल

कपूर आरती के बाद भगवान महाकाल को रजत चंद्र, भांग, चंदन और गुलाब के पुष्पों से सजाया गया। रजत मुकुट, त्रिपुंड धारण कर बाबा महाकाल का हनुमान स्वरूप में दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग को वस्त्र से ढांककर भस्म अर्पित की गई।

### महा निर्वाणी अखाड़े ने चढ़ाई भस्म

भस्म आरती में महा निर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। मान्यता है कि भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं।

### पश्चिम बंगाल-वोटर लिस्ट में नाम कटा

# चुनाव अधिकारी घेरे गए प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियों के शीशे तोड़े, पुलिस ने बचाया



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में मालदा के मोताबारी में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव ऑफिस घेर लिया। करीब 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर घंटो अंदर बंद रहे। इस बीच कुछ लोगों ने बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। देर रात तक हंगामा चलता रहा। बाद में पुलिस की सुरक्षा में चुनाव अधिकारियों को सुरक्षित जगह ले जाया गया।

इधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर यमराज से मुलाकात का वीडियो शेयर किया है। राहुल गांधी ने बताया कि यह मुलाकात केरल के बालुस्सेरी में बस यात्रा के दौरान हुई। वीडियो में यमराज के वेश में एक व्यक्ति उनसे बातचीत करता नजर आता है। राहुल ने मजाकिया अंदाज में कहा कि यूडीएफ की 25 लाख रुपए तक की हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम से यमराज खुश नहीं हैं, क्योंकि इससे उनका काम कम हो जाएगा, लेकिन उनके लिए कोई दूसरा काम खोज लिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गोगामुख और बिस्वनाथ जनसभा की। उन्होंने कहा- इस बार असम में बीजेपी-एनडीए की हैट्रिक लगनी तय है। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कांग्रेस के सो कॉल्ड राजकुमार की पराजय की सेंचुरी आने वाली है। असम के डिब्रूगढ़ पहुंची कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- असम में डबल गुलामी वाली सरकार है, एक भ्रष्ट सरकार है। हम देख सकत हैं कि कैसे सब कुछ धमकियों के जरिए किया जा रहा है। यहां माफिया राज और सिंडिकेट राज है।

## दिल्ली में 1.4 लाख चीनी सीसीटीवी कैमरे हटेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि शहर में लगाए गए करीब 1.4 लाख चीनी सीसीटीवी कैमरों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। सरकार का कहना है कि सभी पुराने कैमरों को विश्वसनीय और सुरक्षित सिस्टम से बदला जाएगा। दिल्ली में फिलहाल पीडब्ल्यूडी के तहत करीब 2.74 लाख सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इनमें से 50 हजार कैमरों को पहले चरण में बदलने की मंजूरी मिल चुकी है। मंत्री ने पूर्व सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना सुरक्षा पहलुओं पर विचार किए चीनी कैमरे लगाए गए थे, जबकि ऐसे फैसले राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े होते हैं।

## ईरान जंग में जीत मिली: ट्रम्प

### उनकी मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नेवी खत्म, सेना हमारे कंट्रोल में, 2-3 हफ्ते में बड़ा हमला करेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा।


ट्रम्प ने आगे कहा कि ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नौसेना खत्म हो गई है। सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। इस सैन्य अभियान का अहम मकसद पूरा होने वाला है। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका ईरान को 'स्टोन एज, यानी पाषाणकाल' में भेज देंगे। हालांकि उन्होंने यह दावा भी किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई लीडरशिप पहले से कम कट्टर है। ट्रम्प ने 19 मिनट का भाषण दिया। इसमें कोई नया ऐलान नहीं किया। वही बातें दुहराई जो पिछले कुछ समय से कहते रहे हैं। उन्होंने युद्ध की लागत और इसके लंबा खिंचने से चिंतित अमेरिकियों से कहा कि वे इस संघर्ष को सही नजरिए से देखें। उन्होंने इराक (8 साल) और वियतनाम (19 साल) जैसे पिछले अमेरिकी युद्धों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान जंग तो अभी दूसरे महीने में ही पहुंची है।

# सेंसेक्स 1400 अंक गिरकर 71700 पर कारोबार कर रहा

### निफ्टी भी 400 अंक टूटा, बैंकिंग, मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

शेयर बाजार में आज यानी 2 अप्रैल को गिरावट है। सेंसेक्स करीब 1,400 अंक (2%) की गिरावट के साथ 71,700 के स्तर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 400 अंक (1.90%) की बढ़त है, ये 22,250 के स्तर पर है। आज बैंकिंग, मेटल, फार्मा और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट है।




### बाजार गिरने की बड़ी वजहें

- अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है।
- कच्चे तेल के दाम बढ़कर 106 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं।
- एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर भी दिख रहा।

### एशियाई बाजार में भी गिरावट

- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 4% गिरकर 5,268 पर कारोबार कर रहा है।
- जापान का निक्केई इंडेक्स 2% गिरकर 52,557 पर कारोबार कर रहा है।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1% गिरकर 25,012 पर कारोबार कर रहा है।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.5% गिरकर 3,927 पर कारोबार कर रहा है।

### अमेरिकी बाजार में 1 अप्रैल को रही बढ़त

- डाउ जोन्स 224 अंक (0.48%) बढ़कर 46,565 के स्तर पर बंद हुआ।
- टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 1.16% बढ़कर 21,840 पर बंद हुआ।
- एस एंड पी 500 इंडेक्स 46 अंक (0.72%) बढ़कर 6,575 पर बंद हुआ।



## खबर एक नजर...

### जादू नहीं विज्ञान: छात्रों ने बताए विज्ञान सिद्धांत व प्रयोग

**उज्जैन।** शासकीय कन्या उमावि सराफा में विकासखंड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता हुई। उज्जैन विकासखंड के 22 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के सिद्धांतों और प्रयोगों के जरिए रोचक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने यह भी समझाया कि किस तरह कुछ लोग ढोंग के जरिए ग्रामीण जनता को भ्रमित कर धन कमाते हैं और पानी में आग लगाने या बिना माचिस के हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित करने जैसी बातों से भ्रांतियां फैलाते हैं। निर्णायक सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. योगेंद्र कोठारी, प्राचार्य अमितोज भार्गव और ब्रजेश शर्मा रहे। संस्था प्राचार्य मुकेश त्रिवेदी ने अतिथियों और निर्णायकों का स्वागत किया।

### पुष्प रूपी भजन कार्यक्रम में बच्चों ने दी भरतनाट्यम प्रस्तुति

**उज्जैन।** सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के तहत घर-घर संचालित 100 भजनों की श्रृंखला का 50वां कार्यक्रम रविवार को सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत समिति संयोजक शरद सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलन से की। इसके बाद वेद पाठ हुआ और भजनों की प्रस्तुति दी गई।सांस्कृतिक सत्र में बाल विकास से जुड़े बच्चों ने लिंगाष्टक का सस्वर वाचन किया। बच्चों ने भरतनाट्यम के माध्यम से शिव स्तुति भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में संजय तिवारी ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के नैतिक विकास और संस्कार निर्माण पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं और जरूरतमंदों को सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़ी सेवा गतिविधियों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, संजय तिवारी, प्रेमशंकर शर्मा, अनिल शर्मा, दिलीप मेहता आदि मौजूद रहे। जानकारी शरद सिंह चौहान ने दी।

### निःशुल्क ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस शिविर शुरू

**उज्जैन।** खेल और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन ने महाकालेश्वर दरबार टेबल टेनिस हॉल, अलखधाम नगर में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस शिविर शुरू किया। शिविर में 7 वर्ष से 30 वर्ष तक के खिलाड़ी उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग ले रहे हैं। छोटे बच्चों के चेहरों पर खेल के प्रति उमंग, जिज्ञासा और सीखने की ललक दिखाई दी। शिविर के संयोजक राजेश शर्मा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल टेबल टेनिस सिखाना नहीं है, बल्कि बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना भी है। टेबल टेनिस जैसे तेज और एकाग्रता वाले खेल से एकाग्रता, प्रतिक्रिया क्षमता, संतुलन और त्वरित निर्णय लेने की योग्यता का विकास होता है। मुख्य प्रशिक्षक व सचिव सतीश मेहता के साथ मेघा सरवटे, हिमांशु जैन और अक्षय नीमा ने बताया कि डिजिटल दौर में बच्चे मोबाइल और स्क्रीन की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं, ऐसे में यह शिविर खेल के माध्यम से स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। टेबल टेनिस शिविर में उपस्थित बच्चे।

### नगर निगम ने देवास रोड व फ्रीगंज से हटाया अतिक्रमण


**उज्जैन।** नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग ने शहर के व्यस्ततम मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। निगम के मुताबिक सड़कों पर लगे हाथ ठेले, गुमटियां, तथा शहर की छवि और सुंदरता को प्रभावित करने वाले अवैध फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को देवास रोड, फ्रीगंज क्षेत्र और कट चौक के एके बिल्डिंग चौराहे पर मुख्य मार्ग पर कूलर रखे होने से आवागमन बाधित हो रहा था, जिस पर जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही छत्री चौक और गोपाल मंदिर क्षेत्र से भी अवैध हाथ ठेले और काउंटर हटाए गए।

# हनुमान जन्मोत्सव आज, शहर के मंदिरों में विशेष आयोजन

## हस्त नक्षत्र व ध्रुव योग का संयोग, हनुमान अष्टक, बजरंग बाण, सुंदरकांड और पूजन करने से कष्ट हरेंगे हनुमान







ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शहर के मंदिरों में भंडारे, भजन, सुंदरकांड किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य की माने तो इस बार ध्रुव योग का संयोग बन रहा है।

पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव मनाया जाता है। इस बार पूर्णिमा तिथि गुरुवार के दिन हस्त नक्षत्र व ध्रुव योग के संयोग में आ रही है। कन्या राशि के चंद्रमा की साक्षी रहेगी। शुभ सहयोग में आने वाले प्राकट्य उत्सव पर साधु उपासक हनुमान की कृपा प्राप्त करने के लिए अलग-अलग प्रकार से धार्मिक अनुक्रम करेंगे। गुरुवार का दिन विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह भगवान विष्णु से भी संबंधित है और श्री राम भगवान विष्णु के ही अवतार माने जाते हैं। इस दिन पूर्णिमा होना गुरुवार का दिन होना हस्त नक्षत्र होना यह उत्तरोत्तर प्रबल माने जाते हैं। इस दृष्टि से इस दिन की गई हनुमान जी की साधना ग्रह पीड़ा से मुक्ति दिलाती है।

उज्जैन में 108 हनुमान की परिक्रमा स्थानीय परंपरा में हनुमान जी के अनन्य मंदिर उज्जैन तीर्थ पर अवस्थित है। पूर्व में यहां पर 108 हनुमान की यात्रा का भी उल्लेख मिलता है। इस दृष्टि से इस दिन यथा संभव हो हनुमान मंदिरों का दर्शन करना चाहिए। यह करने से वर्ष पर्यंत हनुमान जी की कृपा बनी रहती है।

जन्म कुंडली में जिनको शनि की साढ़ेसाती चल रही हो, शनि की ढैया चल रही हो, शनि-राहु की महादशा हो, राहु राशि से विपरीत हो, राहु पाप राशि गत हो, राहु पापाक्रांत हो एवं मंगल भी विपरीत स्थिति में हो तो ऐसे जातकों को हनुमान जी की विधिवत साधना उपासना करनी चाहिए। इस दिन व्रत रख करके ब्रह्मचर्य का अनुपालन करते हुए हनुमान जी का शास्त्रीय उपक्रम संपादित करना चाहिए। जिसमें अभिषेक पूजन, हनुमान अष्टक, बजरंग बाण, सुंदरकांड का पाठ, पंचमुखी हनुमान कवच आदि स्तोत्र पाठ करने से ग्रह पीड़ा से निवारण होता है। मानसिक शांति होती है और सुरक्षा की प्राप्ति होती है।

इन मंदिरों में होंगे आयोजन उज्जैन में बाल हनुमान मंदिर,गेबी हनुमान,खड़े हनुमान,खेड़ापति हनुमान, श्री राम चैतन्य बाल हनुमान मंदिर,चिंताहरण हनुमान मंदिर, गुमानदेव हनुमान, सहित शहर के एनी हनुमान मंदिर में विशेष आयोजन किए जाएंगे। मौनतीर्थ पीठ के 108 वर्षीय अखंड महामृत्युंजय महायज्ञ के 10 वर्ष पूर्ण होने पर हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड के प्रत्येक दोहे और चौपाई पर 586 आहुतियां दी जाएंगी। श्री राम चैतन्य बाल हनुमान मंदिर में 56 भोग लगेगा।

# केमिकल कंपनी की वजह से 30 कर्मचारियों के कान खराब

## सभी को हियरिंग मशीन लगी, 5 पूरी तरह दिव्यांग, सीएम-कलेक्टर से शिकायत, जांच शुरू





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के नागझिरी ओद्योगिक क्षेत्र की ओंकार केमिकल कंपनी में काम करने वाले दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि केमिकल फैक्ट्री में काम करने के दौरान उनकी सुनने की क्षमता 90 प्रतिशत तक खत्म हो चुकी है।

शहर के मध्य संचालित होने वाली ओंकार केमिकल कंपनी के कर्मचारियों ने इसकी शिकायत सीएम से लेकर उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह तक से की है।

कलेक्टर रौशन सिंह ने बताया कि एक आवेदन आया है जिसमें कंपनी के खिलाफ शिकायत की है, जांच की जा रही है ,प्रतिवेदन मिलते ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

**बिना मशीन के नहीं सुन पाते, दूसरी कंपनी में भी नौकरी का संकट** हालात ये है कि सभी 30 कर्मचारी बिना हियरिंग मशीन के अब सुन भी नहीं सकते हैं। सभी लोग मशीन लगाकर बात कर पाते हैं।

अब उनके सामने रोजी रोटी के लिए दूसरी कंपनी में कहीं काम भी नहीं मिल रहा है। हैरानी की बात तो ये है कि जो 30 से अधिक कर्मचारी बेहरेपन का शिकार हुए हैं उनकी उम्र महज 20 से 30 साल के बीच है।

### लाखनसिंह बोले- 6 माह में ही कान डेमेज हुए, नौकरी छोड़ी

बरखेड़ी बाजार निवासी लखन चौहान 2022 में कंपनी में 11500 रुपए मासिक वेतन पर काम पर लगे थे, 6 माह के अंदर ही उनके कान में सीटी बजाना शुरू हुई, डाक्टरों को दिखाया तो उन्होंने चेकअप के लिए लिखा, इंदौर के एमवाय अस्पताल की जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि दोनों कान पूरी तरह से डेमेज हो चुके है। इसके बाद उन्होंने वंहा से नौकरी छोड़ दी।

### हार्ट केयर के लिए बनाते हैं दवा, चाइना से आता है माल

ओंकार केमिकल में खून को पतला करने सहित अन्य दवाओं का केमिकल तैयार किया जाता है। कंपनी में हार्ट के लिए डाइकीटोन बनाया जाता है। कंपनी में 70% रॉ मटेरियल डोमेस्टिक होता है। 30% चाइना से इम्पोर्ट किया जाता है।

### कान इतने खराब हुए की दिव्यांगता का सर्टिफिकेट बन गया

लखन चौहान ने बताया कि ओंकार केमिकल में लेबर का काम करता था। इस दौरान कई बार केमिकल शरीर पर भी गिरता था। जिसके कारण दोनों कान खराब हो गए है। डॉक्टर को बताया इंदौर उज्जैन में इलाज चाल लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अब तो मेरे सहित आधा दर्जन कर्मचारियों का दिव्यांग का प्रमाण पत्र भी बन गया है। केमिकल की वजह से खराब हुआ है। कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई है।

तीन माह में 80 प्रतिशत कान खराब मीनगांव निवासी राजेश परमार ने बताया कि ओमकार केमिकल में 2021 में काम करना शुरू किया। 10500 रुपए सैलरी मिलती थी, तीन महीने बाद ही कान में सिटी बजना भारीपन सहित आवाज कम आने की समस्या शुरू हुई। इसके बाद डॉक्टर को चेक कराया तो दोनों कान में एक में 80 और दूसरे में 90 प्रतिशत डैमेज बताया अब दूसरी कंपनी वाले काम पर भी नहीं रख रहे हैं। ना मुआवजा कंपनी ने दिया है। करीब 30 लोग ऐसे हैं जिनके कान खराब हैं। कंपनी का दावा- कई कर्मचारी वर्षों से काम कर रहे उन्हें कुछ नहीं हुआ ओंकार केमिकल कंपनी के मैनेजर एम मोहन ने बताया कि जिन कर्मचारियों को दिक्कत हुई थी उनको हमने बोला था कि आप लोग का इलाज हम करवाएंगे, लेकिन कोई नहीं आया। हम भी सालों से काम कर रहे हैं। करीब 100 कर्मचारी अभी भी काम कर रहे हैं। 11 वर्ष से कंपनी चल रही हैं। कई लोग सालों से काम कर रहे हैं। किसी को कुछ नहीं हुआ।

## प्रदेश एवं जिला वालीबांल संघ द्वारा कुरैशी का सम्मान किया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश डायरेक्टर वालीबाल संघ के प्रतिनिधि एवं जिला डायरेक्ट वालीबाल संघ रतलाम के प्रतिनिधि मंडल ने समाजसेवी एवं सेंट्रल इंडिया एवं एशिया प्राइड अवार्ड से सम्मानित होने वाले एवं मध्य प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर शाहनवाजउद्दीन कुरेशी ठिकाना झिरनिया नागदा का समाज सेवा एवं खेलों में सराहनीय सहयोग के लिए शांल, पुष्पहार एवं प्रदेश डायरेक्टर वालीबाल संघ की कैंप से सम्मानित किया गया। वालीबाल संघ के अध्यक्ष यू एल भाटी ने बताया कि रतलाम में 18-19 अप्रैल को अखिल भारतीय शूंटिंग वालीबॉल स्पर्धा का आयोजन हो रहा है जिसमें आपको संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश डायरेक्टर वालीबाल संघ के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यासअंतर्राष्ट्रीय भूतपूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी सालार हुसैन बादशा,हजहीर भाई,मनोहर पचौरी,शंकर लाल मालवीय, सुरेश वर्माआदि उपस्थित रहे।

## रेणुका माता मंदिर में लगा भक्तों का मेला, चढ़ाए मिट्टी के नंदीगण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर ग्राम राजपुरा व छटलगांव के बीच रेणुका माता मंदिर परिसर में चैत्र चतुर्दशी गुरुवार को एक दिनी मेले का आयोजन हुआ। मेले में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। पूजा कर मिट्टी के नंदीगण चढ़ाए। मान्यता है कि इससे शरीर के अलग-अलग तरह के त्वचा रोग से मुक्ति मिलती है। शिलालेख के अनुसार प्राचीन मंदिर में माता रेणुका विराजित हैं। मान्यता है कि इस स्थान पर जमदग्नि मुनि ने बरसों तपस्या की थी। इस दिन कुनबी पटेल के रमधानिया कुल के लोग पहुंचे व कुलदेवी पूजन किया। आयोजन को लेकर सेवा समिति कई दिनों से तैयारी में जुटी थी। आसपास के गांवों के छोटे बच्चों में भी उत्साह दिखा। बच्चों ने मिट्टी से नंदीगण गढ़े और पूजा के साथ माता को चढ़ाए। मेला सेवा समिति व ग्रामीणों के सहयोग से लगा। मेले में मटका कुल्फी, बर्फ गोले, बच्चों के लिए झूले, मिक्की माउस, जंपिंग जैसे मनोरंजन साधन पहुंचे। देर रात तक पूजा का दौर चलता रहा। कच्ची व संकरी सड़क ने किया परेशान कच्चा रोड होने से श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने में परेशानी हुई।

उज्जैन
गुरुवार
02
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च।
अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ सम्पदमासुरीम्।।

**अर्थः** हे पार्थ! अभिमान, अहंकार और अभिमान और क्रोध, कठोरता और अज्ञान भी ये सभी राक्षसी धन के साथ पैदा हुए व्यक्ति के लक्षण हैं।

## खबर एक नजर...

### सुयश अस्पताल का 70 फीट ऊंचा छज्जा गिरा

**इंदौर।** एबी रोड पर सुयश अस्पताल का करीब 70 फीट ऊंचा छज्जा बुधवार को अचानक गिर गया। घटना के समय आसपास कुछ लोग मौजूद थे। गनीमत रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक अस्पताल में निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान छज्जे दीवार से सजाकर बना गया था। जिसमें अस्पताल के पीछे की तरफ काम चल रहा था। छज्जा गिरने से पास के दो मकानों के टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। नाराज लोगों ने मौके पर मौजूद क्रेन के कांच फोड़ दिए और जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर संयोगितागंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। इधर, प्रभावित मकान मालिक अस्पताल प्रशासन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने थाने पहुंचे हैं। पुलिस के मुताबिक लापरवाही को लेकर जांच की जा रही है।

### पिछले साल से 155 करोड़ से ज्यादा का राजस्व जमा

**इंदौर।** नगर निगम इंदौर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट राजस्व जमा किया है। 1086.92 करोड़ रुपए से ज्यादा की वसूली की गई है। यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त 932 करोड़ राजस्व की तुलना में लगभग 155 करोड़ रुपए ज्यादा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न मदों में राजस्व जमा किया है, इसमें मुख्य रूप से संपत्तिकर, जलकर, बल्क वॉटर शुल्क, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम), बल्क एसडब्ल्यूएम, मार्केट शुल्क, लायसेंस शुल्क, कॉलोनी सेल, बिल्डिंग परमिशन,अन्य कर व शुल्क शामिल है। इन सभी स्त्रोतों से निगम को कुल 1086 करोड़ 92 लाख रुपए से ज्यादा की आय प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि इंदौर के लोगों की जागरूकता, जिम्मेदारी और समय पर टैक्स भुगतान की भावना के कारण ही यह संभव हो पाया है। इंदौर के लोग न केवल स्वच्छता में अग्रणी है, बल्कि टैक्स भुगतान में भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शहर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

### इंदौर में स्टॉक मार्केट में 200% मुनाफे का झांसा

**इंदौर।** स्टॉक मार्केट में निवेश पर 200 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर 22 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। राज्य साइबर सेल इंदौर ने कार्रवाई करते हुए फर्जी फर्म के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक साउथ तुकोगंज स्थित एक निजी कंपनी में एचआर मैनेजर के पद पर कार्यरत आवेदक को आरोपियों ने प्रोफाइल के जरिए टारगेट किया। खुद को एशियन मार्केट सिक्योरिटिज कंपनी का प्रतिनिधि बताकर संपर्क किया और स्टॉक मार्केट में भारी मुनाफे का लालच दिया। गिरफ्तार आरोपी आयुष गुप्ता (31), निवासी चोपडा बाजार, जीरापुर जिला राजगढ़ है, आरोपियों ने एक लिंक भेजकर आवेदक के मोबाइल में एक फर्जी ऐप डाउनलोड करवाया और रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद 200% मुनाफे का झांसा देकर अलग-अलग बैंक खातों में कुल करीब 22 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इतना ही नहीं, जब आवेदक ने मुनाफा निकालने की कोशिश की तो उससे 20% अतिरिक्त टैक्स जमा करने का झांसा भी दिया गया। इस तरह लगातार उसे ठगी का शिकार बनाया गया। साइबर पुलिस को अब तक जांच में 18 बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिनमें करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। आरोपी अपने नाम से फर्जी डायरेक्टर बनकर खाते खोलता और उन्हें अपने बड़े भाई को इस्तेमाल के लिए दे देता था। साइबर सेल ने संदिग्ध बैंक खातों की तकनीकी जांच की, जिसमें दिए गए पते फर्जी पाए गए।

### इंदौर में पेट्रोल-डीजल फ्री में भरवाया, फ्लीट कार्ड में गड़बड़ी की, 7 व्यापारी-ट्रांसपोर्टरों पर एफआईआर

# भारत पेट्रोलियम डिपो में 129 करोड़ का घपला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के मांगलिया स्थित भारत पेट्रोलियम डिपो में 129 करोड़ 55 लाख रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है। मामला भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के फ्लीट कार्ड और लॉयल्टी ऐप से जुड़ा है। पुलिस ने इंदौर के 7 व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ केस दर्ज किया।

जांच में पाया गया कि आरोपियों ने बीपीसीएल के पेमेंट गेटवे और लॉयल्टी ऐप की तकनीकी गड़बड़ी का फायदा उठाकर पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति कराई, जबकि कंपनी के खाते में पैसे नहीं गए। फ्लीट कार्ड से ट्रक, बस और अन्य व्यावसायिक वाहनों के लिए जारी किया जाता है। इससे ड्राइवर नकद पैसे रखे बिना पेट्रोल-डीजल भरवा सकते हैं। पैसा सीधे कंपनी के बैंक खाते से कटता है।




बीपीसीएल ने 17 दिसंबर 2021 से फ्लीट, कॉर्पोरेट और व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए लॉयल्टी ऐप के माध्यम से पेमेंट गेटवे सुविधा शुरू की। इस ऐप से ग्राहक नेट बैंकिंग, यूपीआई, क्रेडिट या डेबिट कार्ड से वॉलेट रिचार्ज कर सकते हैं। रिचार्ज के बाद वॉलेट का पैसा देशभर के बीपीसीएल स्टेशन पर डीजल-पेट्रोल भरवाने में इस्तेमाल होता है। बीपीसीएल का लॉयल्टी ऐप रेजरपे और पाइनलैब्स पेमेंट गेटवे के साथ जुड़ा है। रेजरपे के माध्यम से रिचार्ज की राशि सीधे बीपीसीएल के खाते में जाती है। 31 मार्च 2023 को रेजरपे की जोखिम मूल्यांकन टीम ने बीपीसीएल को बताया कि लॉयल्टी ऐप और गेटवे सिस्टम में संदिग्ध रिचार्ज हुए हैं। कंपनी ने डेटा का विश्लेषण किया और पाया कि 1093 ग्राहकों के वॉलेट में 129 करोड़ रुपए का रिचार्ज हुआ था, जबकि बैंक खाते में पैसा जमा नहीं हुआ।

### तकनीकी गड़बड़ी का फायदा उठाया गया

- मांगलिया पुलिस चौकी प्रभारी विश्वजीत सिंह तोमर के अनुसार, बीपीसीएल के प्रादेशिक प्रबंधक (रिटेल) विक्रांत हाठे की शिकायत पर 7 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोपियों में विशाल सिंह, शशि सिंह, दलवीर सिंह, बलजिंदर सिंह, वाहिक खान, नरेंद्र सिंह वासू और बलबीर सिंह हैं।
- जांच में पाया गया कि आरोपियों ने लॉयल्टी ऐप की तकनीकी गड़बड़ी का फायदा उठाकर अपने फ्लीट वॉलेट में पैसा दिखाया, जबकि कंपनी के खाते में कोई रकम जमा नहीं हुई। इसके बाद वे लगातार डीजल भरवाते रहे।
- चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को पता था कि उनके खातों से पैसा कट नहीं रहा है, फिर भी उन्होंने इसका गलत फायदा उठाया। बाद में कंपनी ने रकम लौटाने को कहा, लेकिन उन्होंने पैसे वापस नहीं किए।

### फर्जी तरीके से वॉलेट रिचार्ज दिखाया

- जांच में पाया गया कि इंदौर के 7 व्यापारी और ट्रांसपोर्टर इस स्कैम में शामिल थे। उन्होंने ऐप और गेटवे की तकनीकी गड़बड़ी का फायदा उठाकर फर्जी तरीके से वॉलेट रिचार्ज दिखाया और ईंधन भरवाया।
- मांगलिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी दर्ज की। पुलिस का कहना है कि यह धोखाधड़ी केवल इंदौर तक सीमित नहीं है। इसके तार देश के कई शहरों से जुड़े हैं। जांच जारी है और आने वाले दिनों में और आरोपियों की पहचान हो सकती है।

# डेली कॉलेज मामले में क्राइम ब्रांच की जांच शुरू

### शिकायत के बाद चार लोगों पर दर्ज किया था केस, नोटिस जारी कर लिए जा रहे हैं बयान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में डेली कॉलेज के इंस्टाग्राम पेज पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। डेली कॉलेज की तरफ से ही इस मामले में शिकायत की थी।

जिसके बाद चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर किया था। केस दर्ज होने के बाद क्राइम ब्रांच ने बुधवार को एक अहेड मीडिया की संचालिका को बयान के लिए बुलाया और उनके बयान दर्ज किए।

दरअसल, 25 मार्च 2026 को क्राइम ब्रांच ने शिकायत के बाद चार लोगों पर केस दर्ज किया था। मामले में एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि डेली कॉलेज के ही गजेंद्र सिंह ने शिकायत की थी। वॉइज ऑफ डीसी नाम से फेक पेज



बनाया था। मामले को इन्वेस्टिगेशन में लिया है। नोटिस जारी कर सभी के बयान लिए जा रहे हैं।

क्राइम ब्रांच में 25 मार्च 2026 को केस दर्ज किया था। इस मामले में चार लोग संदीप पारेख, अनुराग जैन, रंजीत सिंह नामली और मानवीर बायस के खिलाफ कायमी की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया था कि जुलाई 2025 में वॉइस ऑफ डीसी नाम से एक इस्टाग्राम अकाउंट बनाया गया। इसका पहले नाम वॉइस ऑफ डेली कॉलेज था। जिस पर सोसाइटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के खिलाफ झूठी, असत्य, अपमानजनक, दुर्भावनापूर्ण और परेशान करने वाली पोस्ट की थी। साथ ही कई अन्य जानकारी भी दी थी। जिसके बाद मामले में कायमी की गई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने बुधवार को अहेड मीडिया की संचालिका अलीशा सैनी को बयान के लिए बुलवाया था। उनसे कई बातों की जानकारी लेकर उनके बयान दर्ज किए गए।

मीडिया से चर्चा में अलीशा सैनी का कहना है कि वॉइस ऑफ डेली कॉलेज नाम का ग्रुप बनवाया था। उसे अनुराग जैन और संदीप पारेख हैंडल कर रहे थे। नवंबर 2025 में उनके बोर्ड ऑफ गवर्नर के लिए हमसे संपर्क किया था। उस पेज के लिए लिमिटेड कंटेंट है। तीन एआई वीडियो है, एक दो शूट वीडियो है। ऐसे 8 से 9 वीडियो का कंटेंट हमने डिजाइन करवाया था।

# तेज रफ्तार थार पलटी खाई

### गाड़ी चला रहे युवक को आईं मामूली चोटें

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के विजयनगर चौराहे पर बुधवार सुबह एक हादसा हो गया। एक थार जीप अन्य कार से भिड़ने के बाद पलटी खा गई। वाहन में सवार युवक को मामूली चोटें आईं हैं। लोगों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस लापरवाही को लेकर मामले की जांच कर रही है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक, घटना सुबह करीब 4 बजे सत्यसाईं चौराहे की है। यहां थार पलट गई। इस हादसे में जीप सवार युवक को बाहर निकाल लिया गया। उसके सिर, हाथ और पैर में मामूली चोट आई। बताया जाता है कि अन्य कार से टक्कर के बाद थार की यह हालत हुई। दूसरी ओर, कनाडिया के बिचौली हप्सी ब्रिज पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। सीमेंट से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक आगे खड़े दूसरे ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में ही फंस गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में सूचना मिलने पर टीआई सहर्ष यादव भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक ड्राइवर को बाहर निकाल लिया गया था। उसका एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि बायपास पर काफी अंधेरा होने के चलते यह हादसा हुआ। पुलिस लापरवाही के एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# डेढ़ करोड़ का प्लाट हड़पने फर्जी वकील ने रची साजिश

### इंदौर में ऑटो ड्राइवर को मालिक बताकर तैयार कराए दस्तावेज, झूठी एफआईआर से बनाया दवाब

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में करीब डेढ़ करोड़ रुपए के भूखंड पर पिछले डेढ़ साल से कब्जे की साजिश रची जा रही थी। इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड एक फर्जी वकील निकला, जिसने सुनियोजित तरीके से प्लान तैयार किया। आरोपियों ने एक ऑटो चालक को फर्जी मालिक बनाकर दस्तावेज तैयार किए।

पुलिस जांच में फर्जी वकील, ऑटो चालक और अन्य आरोपियों की भूमिका सामने आई है। साथ ही कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस कर रहे एक युवक की संलिप्तता भी पाई गई है, जिसकी जांच जारी है। टीआई मनीष मिश्रा ने ऋषि नगर निवासी सौरभ राठौर की शिकायत पर





राजेंद्र राठौर और उसके साथी प्रेम प्रजापत निवासी विदुर नगर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

सौरभ ने बताया कि उस भूखंड पर पिछले 25 वर्षों से तीन मकान बने थे, जिनसे उसे किराया मिलता था। बाद में उसने एक बिल्डर के साथ पार्टनरशिप कर निर्माण कार्य शुरू कराया। इसी दौरान राजेंद्र फर्जी दस्तावेज लेकर पहुंचा और खुद को प्लॉट का मालिक बताने लगा।

शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पूछताछ में राजेंद्र ने बताया कि उसने प्रेम प्रजापत, तब्बू (अमीन खान का बेटा) और शहनवाज बी के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। इन दस्तावेजों के आधार पर निर्माण कार्य रुकवाकर लाखों रुपए की मांग की गई। साथ ही सौरभ के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई। उसे दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी गई।

जांच में यह भी सामने आया कि प्लॉट की खरीद-फरोख्त का दावा पूरी तरह फर्जी था और किसी प्रकार का वास्तविक लेन-देन नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार, इस साजिश का पूरा खाका प्रेम प्रजापत ने तैयार किया था। प्रेम प्रजापत खुद को वकील बताता था, जबकि उसके पास कोई कानूनी डिग्री नहीं है। वह कम पढ़ा-लिखा है और पहले से हत्या सहित जमीन धोखाधड़ी के मामलों में आरोपी रह चुका है। वह वकीलों की वेशभूषा में थाने और कोर्ट परिसर में घूमता था, ताकि लोगों पर प्रभाव बना सके। राजेंद्र ने अपने बयान में प्रेम प्रजापत और कोर्ट से जुड़े एक युवक सरबजीत की भूमिका का भी जिक्र किया है। कुछ दिन पहले प्रेम प्रजापत ने सौरभ और उसकी पत्नी को रास्ते में रोककर धमकाया था। उसने जमीन का मामला सुलझाने के लिए दबाव बनाया और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। जमीन छोड़ने के एवज में लाखों रुपए की मांग भी की गई थी। इस मामले में पहले ही धमकी और अड़ीबाजी का केस दर्ज किया जा चुका है।

## खबर एक नजर...

### ईरान-इजरायल युद्ध और वैश्विक ऊर्जा संकट टालने के लिए उज्जैन में महायज्ञ



**उज्जैन।** विश्वभर में पिछले डेढ़ वर्ष से चल रहे ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच युद्ध तथा इसके कारण उत्पन्न वैश्विक अशांति को दूर करने के लिए उज्जैन में विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। इस युद्ध के कारण भारत सहित पूरी दुनिया में तेल और ऊर्जा का जो गहरा संकट खड़ा हो गया है, उससे जनजीवन प्रभावित हुआ है और भोजन का संकट उत्पन्न हो रहा है। विश्व शांति, मंगल कामना और इस संकट से मुक्ति के लिए सिंहस्थ मेला क्षेत्र, मोहनपुरा स्थित श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर पर '108 हनुमत्कृपा महायज्ञ' का आयोजन किया जा रहा है।

श्री हनुमान जयंती प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर आज 2 अप्रैल को पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज के सान्निध्य में यह भव्य आयोजन होगा। तय कार्यक्रम के अनुसार, प्रातः 8 से 10 बजे तक 108 हनुमत्कृपा महायज्ञ संपन्न होगा। इसके पश्चात प्रातः 10 से 12 बजे तक मनोकामना सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, जिससे महाकाल की नगरी हनुमान चालीसा और सुंदरकांड की चौपाइयों से गूंज उठेगी।

दोपहर 12:30 बजे महाआरती एवं गुरु पूजन का कार्यक्रम होगा। इसके बाद दोपहर 12:45 बजे से महाप्रसादी का वितरण प्रारंभ किया जाएगा। मंदिर कार्यालय द्वारा श्रद्धालुओं से महायज्ञ में सम्मिलित होने के लिए पारिवारिक जानकारी गोत्र सहित लिखवाने का आग्रह किया गया है।

आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति की अध्यक्ष महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी, सावित्री महंत, शिवानी पाटीदार, पूजा यादव, सीमा जाट, योगेश जोशी, प्राणेश शुक्ला, टीना झाला, पंकज जायसवाल, रोहित पंडित और नीलेश पांचाल ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इस वृहद धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर धर्म लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

### दानदाताओं के सहयोग से संपन्न हुआ अप्रैल माह का वितरण, अतिथियों व सहयोगियों का किया गया सम्मान

# 100 निराश्रित बुजुर्गों को बांटे 10-10 किलो गेहूं





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन द्वारा नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रतिमाह 10 किलो गेहूं का वितरण किया जाता है। इसी सेवा कार्य के तहत 1 अप्रैल को अप्रैल माह के गेहूं का वितरण किया गया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अश्विन नरूला, प्रेम शंकर दुबे और शैलेंद्र दुबे उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का साफा बांधकर सम्मान मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, राजेश राणा, दारा सिंह और शिवनारायण जागीरदार ने किया। वहीं उपाध्यक्ष महेश सोनोने, फूलचंद जरिया, राजेश श्रीवास, सचिव विजय तिवारी, सह सचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्यक्ष ओम हरोड़, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, संयोजक विट्ठल नागर और लीलाधर आर्तियां ने अतिथियों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा गेहूं वितरण समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार, ओम हरोड़, महेंद्र कटियार, मूलचंद राठौर, राजू लश्करी, बाबूलाल मारोठिया, संजू शुक्ला, महेश राठौर, ओम रामी, महेंद्र रामी, किशोर भाटी, श्रीमती मुन्नी राठौर, पिंकी यादव, मोतीलाल चौहान और मांगीलाल राजनोत ने भी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर युवा मंच महिला सत्संग समिति की संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष लक्ष्मी लश्करी, उपाध्यक्ष भारती गुप्ता, नीता आतिया, योगिता आर्य, सचिव व पार्षद प्रेमलता रामी, सह सचिव नीता राठौर, कोषाध्यक्ष संतोष भारद्वाज, संगठन महामंत्री पिंकी यादव और कविता राय उपस्थित रहीं। साथ ही अन्न दान गेहूं वितरण समिति के संयोजक राजेश राणा, दारा सिंह, अध्यक्ष शिवनारायण जागीरदार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार, महेश गुप्ता, विश्वकर्मा समाज प्रमुख सचिन अशोक शर्मा, सह सचिव अशोक कपूर, पंडित संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष बाबूलाल मारोठिया तथा युवा मानव सेवा समिति के संयोजक रितेश वर्मा, अध्यक्ष डॉ. सागर मारोठिया, उपाध्यक्ष अनिल पांचाल, अर्जुन माली, सचिव लोकेंद्र रामी, सह सचिव अनिल लश्करी, रोशन चौधरी, संगठन मंत्री अमित दुबे और दिनेश परमार ने भी आयोजन में सहभागिता की। इस माह के गेहूं वितरण में दानदाताओं का विशेष सहयोग रहा। नकद राशि के रूप में श्रीमती कमलेश ने 1100 रुपये, शिवनारायण जागीरदार ने 1100 रुपये, कल्पना कातरे ने 1000 रुपये, शैलेंद्र दुबे ने 500 रुपये, श्रीमती कमलेश पाव ने 400 रुपये और श्रीमती श्यामा राय ने 200 रुपये का सहयोग प्रदान किया। वहीं अन्न दान के रूप में मूलचंद राठौड़ ने 2 क्विंटल 50 किलो, अश्विन नरूला ने 1 क्विंटल और रोशन चौधरी ने 25 किलो गेहूं भेंट किया। कार्यक्रम के अंत में मंच के संस्थापक गोपाल बागरवाल ने सभी अतिथियों एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# श्री बाबा बाल हनुमान मंदिर में आज होगा 108 जड़ी-बूटियों से अभिषेक

### छप्पन भोग, महाआरती और सुंदरकांड के पाठ में जुटेंगे कई संगठन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

आगर रोड, गाड़ी अड्डा, बीमा चौराहा स्थित जेसी मिल परिसर में विराजित अति प्राचीन श्री बाबा बाल हनुमान मंदिर में आज गुरुवार, 2 अप्रैल (वैशाख शुक्ल पूर्णिमा) को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

मंदिर के पुजारी रूपेश मेहता ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर प्रातः काल श्री हनुमान जी महाराज का 108 दिव्य जड़ी-बूटियों, फलों के रस और गंगाजल से विशेष अभिषेक व पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर शाम 6 बजे 56 महाभोग अर्पित किया जाएगा।

शाम को 'श्री बाबा बाल हनुमान मंदिर बचाओ संघर्ष समिति' तथा अन्य धार्मिक व सामाजिक संगठनों के तत्वावधान में महाआरती की जाएगी। इस भव्य आयोजन में अखिल भारतीय पुजारी महासंघ, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, करणी सेना, बजरंग दल, महाकाल सेना, साहू समाज, अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज और ब्राह्मण समाज मुख्य रूप से शामिल होंगे। महाआरती के पश्चात मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया जाएगा।

आयोजन को लेकर मंदिर बचाओ संघर्ष समिति ने शहर की सभी धर्मप्रेमी जनता से श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर दर्शन व पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### किसानों के संयम को सरकार कमजोरी न समझे

# गेहूं खरीदी में देरी और पराली पर एफआईआर के विरोध में 6 अप्रैल को धरना देगा किसान संघ

### 11 क्विंटल प्रति बीघा गेहूं खरीदी की मांग, 60 प्रतिशत किसान हुए डिफाल्टर

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाए जाने, सहकारी समितियों में किसानों के डिफाल्टर होने और पराली जलाने पर दर्ज हो रही एफआईआर के विरोध में भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत ने मोर्चा खोल दिया है। संघ द्वारा 6 अप्रैल को प्रांत की सभी तहसीलों में धरना देकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। भारतीय किसान संघ के प्रांताध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल ने किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर चिंता व्यक्त की और सरकार के समक्ष अपनी मांगें रखीं।

### खरीदी की तारीख बढ़ने से आर्थिक नुकसान

प्रांताध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। इससे किसानों को सीधे तौर पर आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ सरकार कृषि वर्ष मनाते हुए किसानों की आय दोगुनी से आठ गुनी तक बढ़ाने की बात कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर नीतियों के कारण किसानों को परेशानी हो रही है।

### तारीखों के फेर में 60 प्रतिशत किसान हुए डिफाल्टर

सहकारी बैंकों द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज पर सेवा सहकारी संस्था में राशि जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च तय की गई थी। इस तिथि को आगे नहीं बढ़ाया गया, जबकि सरकार ने गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी है। फसल बिके बिना किसान समय पर पैसा जमा नहीं कर पाए, जिससे करीब 60 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए हैं। अब उन पर साल भर का 7 प्रतिशत ब्याज और 14 प्रतिशत दंड लग गया है, जिससे भारी आर्थिक बोझ आ पड़ा है। इसके अतिरिक्त, पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसानों को ब्याज की राशि वापस करने का सरकार का वादा भी आज तक पूरा नहीं हुआ है। किसान संघ ने गेहूं की पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का कड़ा विरोध किया है। पदाधिकारियों का कहना है कि देश को अन्न देने वाले किसानों को जेल भेजना और उन पर अर्थदंड लगाना सर्वथा गलत है।

# माचगुरू सुन्दर लाल मालवीय 'राष्ट्रीय गुजरात गौरव सम्मान' से होंगे अलंकृत

### 5 अप्रैल को वलसाड में आयोजित समारोह में देश के 51 उत्कृष्ट लोगों में मालवीय का होगा सम्मान;

### मध्यप्रदेश के राजकीय लोकनाट्य माच के संरक्षण के लिए माच घराना सुवासा के सुन्दर सांस्कृतिक माच समिति के माध्यम से सहेज रहे हैं लुप्त होती विधा

### राष्ट्रीय स्तर पर दी प्रस्तुतियां

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मध्यप्रदेश के राजकीय लोकनाट्य माच के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सुन्दर सांस्कृतिक माच समिति उज्जैन, माच घराना सुवासा के माचगुरू एवं राष्ट्रीय स्तर के ए ग्रेड कलाकार सुन्दर लाल मालवीय को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय गुजरात गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 5 अप्रैल को गुजरात के वलसाड में आयोजित होने वाले समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा।

यह कार्यक्रम यूनिक रिकॉर्ड्स आफ यूनिवर्स तथा धरा धाम अंतरराष्ट्रीय गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अभिषेक कुमार के अनुसार इस समारोह में देश भर से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 51 उत्कृष्ट हस्तियों का चयन किया गया है, जिनमें उज्जैन के मालवीय भी शामिल हैं। समारोह में देश-विदेश के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

### परंपरा के साथ नवाचार कर बढ़ा रहे गुरु-शिष्य परंपरा

अपनी संस्था सुन्दर सांस्कृतिक माच समिति और सुवासा माच घराने के माध्यम से मालवीय माच कला में परंपरा के साथ नवाचार के रूप में काम कर रहे हैं। ग्राम सुवासा जिला उज्जैन में जन्मे मालवीय पेशे से शिक्षक हैं। बाल्यावस्था में अपनी माँ से घट्टी के गीत सीखकर शुरूआत करने वाले मालवीय ने माच का विधिवत प्रशिक्षण उस्ताद कालूराम माच अखाड़ा दौलतगंज के गुरु पद्मश्री पंडित ओमप्रकाश जी शर्मा से प्राप्त किया है। मालवीय ने कई माच खेलों में मुख्य स्त्री पात्र की भूमिका निभाई है और 1986 से लेकर आज तक अखिल भारतीय कालिदास समारोह में गायन, वादन एवं अभिनय करते आ रहे हैं। इस लुप्त होती विधा को आगे बढ़ाने के लिए वे वर्तमान में अनेक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिसके अंतर्गत लगभग 400 बच्चों को वे तैयार कर चुके हैं।

सुन्दर लाल मालवीय ने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली में पद्मश्री पंडित ओमप्रकाश शर्मा के साथ माच की कार्यशाला में सहप्रशिक्षक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुतियां दी हैं, जिनमें केलिडोस्कोप फेस्टिवल, गोगा पीर, संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, हिंदी अकादमी नई दिल्ली, पुणे, मुंबई, चेन्नई, भोपाल, ग्वालियर, अखिल भारतीय कलासाधक संगम बैंगलोर और लोकनाट्य उत्सव मोतिहारी बिहार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वे राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय भोपाल, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और मध्य प्रदेश शासन के अनुगूंज कार्यक्रम के तहत निरंतर कार्यशालाओं में बच्चों को प्रशिक्षित कर चुके हैं।

### पूर्व में भी मिल चुके हैं कई प्रतिष्ठित सम्मान

कला के क्षेत्र में उनके पूर्ण समर्पण को देखते हुए मालवीय को इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इनमें बीआर अंबेडकर नेशनल फेलोशिप सम्मान नई दिल्ली, कला साधक सम्मान कलामंडली नई दिल्ली, कबीर कोहिनूर अवार्ड नई दिल्ली, सूरछैंया सृजन सम्मान, मालवा का प्रसिद्ध भेराजी सम्मान 2025 और मालवा के फनकार उज्जैन सहित अन्य प्रतिष्ठित सम्मान शामिल हैं।

## खबर एक नजर...

### फ्रीगंज क्षेत्र की परंपरागत गैर में निकलेंगे सोने के श्री सांवरिया सेठ

**उज्जैन।** सनातन परंपरा की प्राचीन धरोहर स्वरूप निकाली जाने वाली गैर का आयोजन फ्रीगंज क्षेत्र में इस वर्ष भी भव्यता के साथ किया जाएगा। श्री शिव विष्णु समिति एवं श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी परिवार द्वारा विगत 79 वर्षों से यह परंपरागत गैर निरंतर निकाली जा रही है। इस वर्ष यह आयोजन अपने 80वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहेंगे।

सोने के सांवरिया सेठ की झांकी होगी मुख्य आकर्षण

मंदिर के पैतृक पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि आज 2 अप्रैल गुरुवार को श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर श्री अखंड ज्योत हनुमान मंदिर पर प्रकटेश्वर महादेव मंदिर के देवों के निशानों का पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात सायं 7 बजे झिलमिल झांकियों के साथ ध्वजचल समारोह एवं गैर निकाली जाएगी। इस वर्ष झांकियों में सोने के श्री सांवरिया सेठ की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। यह भव्य गैर फ्रीगंज के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पर पहुंचकर पूर्ण होगी।

दिनभर होगा शुद्ध घी की नुकती का वितरण

श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व से ही अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ हुआ। जयंती के दिन प्रातः 6 बजे हनुमान जी की जन्म आरती की जाएगी। इसके पश्चात पूरे दिन मंदिर प्रांगण में 8 क्विंटल शुद्ध घी से निर्मित नुकती का वितरण होगा। यह संपूर्ण धार्मिक आयोजन श्री शिव विष्णु समिति द्वारा फ्रीगंज क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों के आत्मीय सहयोग से आयोजित किया जाता है।

### गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने बंटेंगे 13 हजार अन्न व जलपात्र

**उज्जैन।** ग्रीष्मकाल में बढ़ती गर्मी और 37 डिग्री तक पहुंच चुके तापमान के बीच बेजुबान पक्षियों की उदर पूर्ति और प्यास बुझाने के लिए साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था निर्झर द्वारा विशेष पहल की जा रही है। संस्था द्वारा पक्षी बचाओ-प्रकृति बचाओ महाअभियान 2026 के अंतर्गत शहर में 13 हजार निःशुल्क अन्न व जलपात्र वितरित किए जाएंगे। यह महाअभियान 4 अप्रैल से प्रारंभ होकर 10 जून 2026 तक चलाया जाएगा।

संस्था अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर निर्झर ने बताया कि पक्षियों की इस गंभीर समस्या के निराकरण के लिए संस्था पिछले 23 वर्षों से सतत प्रयासरत है। इस वर्ष महाअभियान अपने 23वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अभियान के तहत संस्था के पदाधिकारी और सदस्य नगर की गलियों, मोहल्लों, कॉलोनियों, उद्यानों, प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, देवस्थलों सहित शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में अन्न व जलपात्रों का वितरण करेंगे। साथ ही नागरिकों और जलपात्र प्राप्तकर्ताओं से जन्मदिवस व अन्य शुभ अवसरों पर एक-दूसरे को अन्न व जलपात्र उपहार स्वरूप भेंट करने का आह्वान भी किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अश्विनी दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि महाअभियान के अंतर्गत चित्रकला, पोस्टर स्लोगन, गीत-कविता और अंत्याक्षरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

# राकेश बेदी बोले-शोर नदी का नहीं, आबशार का है, उज्जैन में कवि शिखर बोले- बिहार में कांग्रेस को 6 सीटें, इससे ज्यादा लालूजी के बच्चे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस के अवसर पर 1 अप्रैल (बुधवार) को कालिदास अकादमी में 53वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन ह्रधुरंधर टेपा सम्मेलनह्र का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम में फिल्म ह्रधुरंधर-2ह्र में जमील जमाली का किरदार निभाने वाले हास्य कवि राकेश बेदी को टेपा सम्मान से सम्मानित किया गया।

राकेश बेदी ने कहा- शोर नदी का नहीं ये आबशार का है, यहां से जो भी सफर है अब उतार का है। जब कोई तुमसे ये कहे कि बच्चा है तू मेरा, उससे बचके रहना, वो आदमी बेकार का है।

वहीं कवि शम्भू शिखर बोले- बिहार में हाल ही में चुनाव हुआ। यहां कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं, जबकि इन सीटों से ज्यादा तो लालू जी के बच्चे हैं।




बिहार में पूरी कांग्रेस उतनी मेहनत नहीं कर पाई, जितनी लालू जी अकेले कर गए।

कार्यक्रम का आगाज महाकाल सरकार गीत के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साहित्यकार, कलाकार और दर्शक शामिल हुए हैं। देशभर से आए व्यंग्य कवि और कलाकारों ने मंच पर हास्य और व्यंग्य का माहौल बनाया।

कार्यक्रम में अतिथियों और कवियों को पारंपरिक टेपा वेशभूषा पहनाई गई। सम्मेलन के दौरान प्रशस्ति वाचन, टेपा रपट और चिल्मी मुकदमा जैसे खास आयोजन भी किए गए, जिन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टेपा टॉप कवि सम्मेलन में मधुबनी के शंभू शिखर, मुंबई के सुभाष काबरा, जयपुर के एकेश पार्थ, कन्नौद की प्रिया खुशबू, धार के लोकेश जडिया और मालवी कवि पं. राहुल शर्मा ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के सूत्रधार दिनेश दिग्गज और अशोक भाटी रहे।

सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। हास्य अभिनेता राकेश बेदी, कवि सुभाष काबरा, शंभू शिखर, प्रिया खुशबू, एकेश पार्थ और लोकेश जडिया सहित कई लोगों को अलग-अलग स्मृति टेपा सम्मान प्रदान किए गए। टेपा टॉप कवि सम्मेलन में मधुबनी बिहार के शंभू शिखर, मुंबई के सुभाष काबरा, जयपुर के एकेश पार्थ, कन्नौद की प्रिया खुशबू, धार के लोकेश जडिया और मालवी कवि पं. राहुल शर्मा काव्य पाठ कर रहे हैं।

**अधिकमास के कारण 3 माह तक चलेगी व्यवस्था, 11 मिट्टी के कलशों से जल अर्पित होगा**

# उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में 3 अप्रैल से जलाभिषेक

### सुबह 6 से शाम 5 बजे तक रहेगी व्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में 3 अप्रैल से जलाभिषेक:अधिकमास के कारण 3 माह तक चलेगी व्यवस्था, 11 मिट्टी के कलशों से जल अर्पित होगा

उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल पर निरंतर जलधारा अर्पित करने की विशेष व्यवस्था 3 अप्रैल से शुरू हो रही है। यह जलाभिषेक वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से ज्येष्ठ पूर्णिमा (29 जून) तक चलेगा। इस वर्ष अधिकमास होने के कारण इसकी अवधि एक माह और बढ़ जाएगी, जिससे यह व्यवस्था लगभग तीन माह तक जारी रहेगी।

परंपरा के अनुसार, भगवान महाकाल पर गलंतिका के माध्यम से



जल अर्पित किया जाएगा। इसके लिए 11 मिट्टी के कलशों में गंगा, सिंधु, सरस्वती, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी, सरयू, क्षिप्रा और गण्डकी जैसी पवित्र नदियों का स्मरण कर जल स्थापित किया जाएगा। मंत्रोच्चार के साथ यह जल निरंतर भगवान को चढ़ाया जाएगा।

यह जलाभिषेक प्रतिदिन प्रातः भस्म आरती के बाद शुरू होकर सायंकालीन पूजन तक जारी रहेगा। मंदिर प्रशासन के अनुसार, यह व्यवस्था सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। भीषण गर्मी में भगवान महाकाल को शीतलता प्रदान करने के उद्देश्य से यह परंपरा निभाई जाती है, जिसमें रजत अभिषेक पात्र के साथ इन कलशों से गलंतिका बांधी जाती है।

शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ मास में अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) होने के कारण जलधारा अर्पण की अवधि एक माह बढ़ जाएगी। मंदिर से जुड़े पुजारी आशीष पुजारी ने पुष्टि की कि यह विशेष जलाभिषेक व्यवस्था प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी, जिससे भगवान को भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

### श्री राम चैतन्य बाल हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर लगेगा 56 भोग, होगी महाआरती

**उज्जैन।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। गली नंबर 5 स्थित शास्त्री नगर उद्यान मंदिर प्रांगण में श्री राम चैतन्य बाल हनुमान मंदिर समिति द्वारा 2 अप्रैल, गुरुवार को जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष समिति अपने 15वें वर्ष में पदार्पण कर रही है।

हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के संयोजक अर्जुन सिंह राठौर ने बताया कि श्री राम चैतन्य बाल हनुमान जनकल्याण समिति द्वारा इस अवसर पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। सम्पूर्ण मंदिर को झालर और गुब्बारों से सजाया जाएगा। जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शाम 6 बजे भगवान को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे और इसके पश्चात शाम 7 बजे महाआरती का आयोजन रखा गया है।

# विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत:कलेक्टर उत्कृष्ट स्कूल के मुख्य आयोजन में शामिल; 4 अप्रैल तक स्कूल चलें हम अभियान

### चार अप्रैल तक चलेंगे दैनिक आयोजन

### विद्यार्थियों को पुस्तक और साइकिल वितरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक अप्रैल से शुरू हुए नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 के तहत उज्जैन जिले के स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। बुधवार को विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्कूलों में प्रवेश दिलाया गया। दशहरा मैदान स्कूल और शास्त्री नगर स्थित उत्कृष्ट स्कूल में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए। जिले का मुख्य कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उमावि माधवनगर में आयोजित किया गया। इसमें कलेक्टर रौशन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष कलावती यादव, सीईओ





श्रेयांश कुमट और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

एडीपीसी गिरीश तिवारी ने बताया कि ₹स्कूल चलें हम₹ अभियान एक से चार अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन स्कूलों में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ब्लॉक स्तर पर भी उत्कृष्ट स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। पात्र विद्यार्थियों को साइकिल भी दी गई। सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए कि कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे।

दो अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ पीटीएम, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियां आयोजित होंगी। इसमें अभिभावकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और 85% से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के पालकों का सम्मान किया जाएगा।

चार अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके तहत कलेक्टर सहित 91 अधिकारी विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और उन्हें पढ़ाई के महत्व के बारे में बताएंगे।

## खबर एक नजर...

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मायापति हनुमान मंदिर से निकली कलश यात्रा

**उज्जैन।** सामाजिक न्याय परिसर स्थित श्री मायापति हनुमान मंदिर पर छह दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सामूहिक श्री गंगा माता पूजन किया गया। इसके पश्चात शहर के विभिन्न मार्गों से विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसका शहरवासियों एवं विभिन्न संस्थाओं ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।

कलश यात्रा में क्षेत्रीय विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, पार्षद रवि राय, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कुशवाहा, राजपूत समाज से पत्रकार महेंद्र सिंह बैस एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने सहभागिता कर स्वागत किया। राय समाज उज्जैन से देवेंद्र राय, प्रमोद राय, लक्ष्मीनारायण राय, बाबूलाल तिलक, महेश तिलक व धर्मेंद्र तिलक विशेष रूप से उपस्थित रहे। यात्रा में युवा मंच सत्संग समिति के गोपाल बगरवाल, गीता रामी, कविता राय, श्री महाकाल नित्य भोग आरती दर्शन समिति की शारदा बिसेन, गीता यादव, जिला योग प्रभारी श्रीमती शैलजा रिछारिया और संगीता शर्मा ने भी हिस्सा लिया। भद्रावल युवा संगठन के त्रिलोक यादव, विनोद यादव, राजपाल, महाकाल शयन आरती के महेंद्र कटियार, राज रॉयल कॉलोनी परिवार के बबलू भैया व कमल भैया सहित शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर के पुजारी गणेश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संपूर्ण आयोजन में मंदिर परिवार के रमेशचंद्र राय, शरद दुबे, अशोक चौधरी, अस्सु तिलक, रजनीश तिवारी, अंकित शर्मा, सुजीत चौधरी, सत्यप्रकाश पंचोली और शुभम शर्मा का विशेष सहयोग रहा। श्री हनुमान जन्मोत्सव के मुख्य पर्व के अंतर्गत 2 अप्रैल, गुरुवार को सायं 7 बजे से चरक भवन के सामने स्थित मंदिर प्रांगण में महाआरती एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आयोजक श्री मायापति हनुमान मंदिर परिवार ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### असम विधानसभा चुनाव में उज्जैन के हर्ष जैन बनाए गए गुवाहाटी के प्रभारी

**उज्जैन।** शहर के कांग्रेस नेता हर्ष जैन को अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा असम विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। बिहार विधानसभा चुनावों में उनके सफल कार्य के बाद, अब उन्हें असम में गुवाहाटी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभाओं का प्रभारी नियुक्त किया गया है। लालजी देसाई द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, हर्ष जैन को गुवाहाटी का लोकसभा प्रेरक बनाया गया है और उन्हें पार्टी प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में उन्होंने पूरे मध्य प्रदेश में लगातार अपनी बढ़त बनाए रखी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नए सदस्य जोड़ने के इस अभियान में हर्ष जैन ने मध्य प्रदेश और उज्जैन जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने पूरे भारत में आठवां स्थान हासिल किया है।

**नववर्ष मेला महोत्सव में दी 'अवंती के नाथ महाकाल' की भव्य प्रस्तुति**

# भोपाल में साकार हुई महाकाल की महिमा, भस्म आरती का दृश्य देख भावविभोर हुए भक्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भोपाल के टी.टी. नगर स्थित दशहरा मैदान पर नववर्ष मेला महोत्सव के दौरान उज्जैन की विशाला सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति ने नाट्य-नाटिका 'अवंती के नाथ महाकाल' की मनमोहक प्रस्तुति दी। महानगर मेला उत्सव समिति भोपाल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान महाकाल की महिमा देखकर दर्शक पूरी तरह भावविभोर हो गए।

प्रस्तुति के दौरान जैसे ही मंच पर भगवान महाकाल प्रकट हुए और उनकी भस्म आरती का अलौकिक दृश्य सामने आया, दर्शकों की आंखें नम हो गईं। पूरा मैदान 'हर हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। महाकाल की सवारी, उनकी दिव्य



छवि और अवंती नगरी की पावन भूमि से जुड़ी पौराणिक कथाओं का जीवंत चित्रण देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दर्शकों का कहना था कि ऐसा लगा जैसे मंच पर साक्षात महाकाल विराजमान हों और भस्म आरती का दृश्य उनके हृदय को छू गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस भक्तिमय प्रस्तुति में लीन रहे।

### इन कलाकारों ने निभाई अहम भूमिका

इस नाट्य प्रस्तुति की परिकल्पना विशाला सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति के अध्यक्ष व प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यकर्ता राजेश सिंह कुशवाह ने की। नाटक का लेखन व निर्देशन युवा निर्देशक विशाल कलम्बकर ने किया, जिसमें उज्जैन के 50 से अधिक वरिष्ठ और कनिष्ठ कलाकारों ने शानदार अभिनय किया। गीत-लेखन, संगीत और नृत्य निर्देशन का दायित्व पंडित कुलदीप दुबे ने निभाया। यह नाटक उज्जैन की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, भगवान महाकाल की भक्ति और लोक परंपराओं को समकालीन मंच पर जीवंत रूप देने का एक सुंदर प्रयास रहा। समिति पिछले कई वर्षों से ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोक संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। आयोजकों ने बताया कि भोपाल के नागरिकों ने इस प्रस्तुति का आत्मीय स्वागत किया और भविष्य में भी उज्जैन तथा भोपाल के बीच ऐसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करने की इच्छा जताई।

### अखाड़ा विधा, झांझ वादन में बच्चों ने किया अद्भुत कला का प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगर रोड स्थित श्री मायापति हनुमान मंदिर परिसर में पुजारी गणेश राय के मार्गदर्शन में चल रहे छह दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत इंटरनेशनल खिलाड़ी और कोच पूजा चौहान के नेतृत्व में 'चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली' तथा 'नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला अखाड़ा' की टीम ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सामाजिक न्याय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान दोनों ही टीमों के बच्चों ने अखाड़ा विधा और झांझ वादन में अद्भुत कला प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा दी गई सुंदर और प्रभावशाली प्रस्तुतियों के बाद कार्यक्रम के अंत में तिरंगा झंडा भी लहराया गया। इस सफल आयोजन और प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर गुरु महाराज द्वारा इंटरनेशनल कोच पूजा चौहान को श्रीफल भेंट कर तथा पट्टा और हार पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छवि कदम और मंजू जैन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मंजू चतुर्वेदी भी उपस्थित थीं।

### 100 भजनों की श्रृंखला के अंतर्गत 50वां पुष्प रूपी भजन संपन्न

**उज्जैन।** श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में घर-घर चल रही 100 भजनों की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार, 31 मार्च को 50वां पुष्प रूपी भजन कार्यक्रम सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के वरिष्ठ उमाशंकर भट्ट द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

समिति संयोजक शरद सिंह चौहान ने बताया कि दीप प्रज्वलन के पश्चात वेद पाठ और भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विकास के बच्चों ने लिंगाष्टक का सस्वर वाचन किया और भरतनाट्यम के माध्यम से शिव स्तुति प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर संजय तिवारी द्वारा संगठन के सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा किस प्रकार बच्चों का नैतिक विकास कर उन्हें संस्कारवान बनाया जाता है, जिससे उनका जीवन सफल हो सके। साथ ही निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं और जरूरतमंदों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के विषय में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

# जैसे घर के बाहर जूते उतारते हैं, वैसे ही मोबाइल ड्रॉअर में रखकर घर में प्रवेश करें: शशांक दुबे

**प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा 'गिरते मूल्य, घटती संवेदनाएं और सोशल मीडिया' विषय पर रोचक परिसंवाद**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश की प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन द्वारा शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में 'गिरते मूल्य, घटती संवेदनाएं और सोशल मीडिया' विषय पर एक मुक्त परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस नवाचारी आयोजन में सैकड़ों छात्राध्यापकों ने आमंत्रित अतिथियों के समक्ष अपने विचार खुलकर साझा किए।



परिसंवाद के मुख्य अतिथि वरिष्ठ लेखक एवं समीक्षक शशांक दुबे ने सोशल मीडिया की भूमिका पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नैतिक मूल्य शब्द भले ही छोटा है, लेकिन इसके आयाम अनगिनत हैं। दुखों के प्रवाह में भी धैर्य और सहनशीलता व्यक्ति का सबसे बड़ा मूल्य है। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी की भाषा बिगड़ रही है और धैर्य कम हो रहा है। मोबाइल की लत पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह हम घर के बाहर जूते उतारकर प्रवेश करते हैं, उसी प्रकार मोबाइल को भी ड्राइंग रूम के ड्रॉअर में रखकर ही घर में जाना चाहिए, तभी हम इसके दुष्प्रभावों से बच सकेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव पंड्या ने आध्यात्मिक और पौराणिक प्रसंगों के माध्यम से समाज में मूल्यों के क्षरण को रोकने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि दौलतगंज उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र पुरोहित और योग परामर्शक संयोगिता शर्मा ने प्रतिभागियों को मूल्यों का महत्व समझाया। महर्षि पतंजलि का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि यम और नियम का पालन आसन से पूर्व आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के मूल्य कमजोर हैं, उसका शरीर कितना भी लचीला हो, वह स्वस्थ नहीं हो सकता। प्राध्यापक डॉ. डॉली गोस्वामी ने सामान्य मूल्यों और नैतिक मूल्यों के बीच के अंतर पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस परिसंवाद का सफल संचालन शिक्षाविद डॉ. संदीप नाडकर्णी ने टॉक शो शैली में किया। उन्होंने सोशल मीडिया की गतिविधियों पर नई जानकारी दी और अपनी सधी हुई शैली व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने स्वर्ग-नर्क के मार्ग का संदर्भ देते हुए कहा कि मनुष्य के आचार के साथ-साथ विचार भी अच्छे होने चाहिए, तभी जीवन मूल्यों को साधा जा सकता है।

### विद्यार्थियों ने रखी जिज्ञासाएं

कार्यक्रम में छात्रा प्रतिनिधि लक्ष्मी गौतम, छात्र प्रतिनिधि सदाशिव रावल, पं. प्रबोध पंड्या, कवि अशोक भाटी, सुरेन्द्र सर्किट, संगीता तल्लेरा, पंकज चांदोरकर और अमृत पंड्या सहित बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मूल्यों से जुड़ी अपनी जिज्ञासाएं रखीं और संभावित समाधान भी बताए।

# नौशाबा हादी की स्मृति में अपंग आश्रम में गोष्ठी

**सामाजिक कार्यकर्ता शरीफ खान को मिला नौशाबा हादी अवार्ड, सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी ने किया आयोजन**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में शिक्षाविद् नौशाबा मौलाना हादी की 28वीं पुण्यतिथि के अवसर पर महाकाल मार्ग स्थित अपंग आश्रम में विचार गोष्ठी और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाजसेवियों द्वारा आश्रमवासियों को दूध, ब्रेड और फलों का वितरण भी किया गया।




सोसायटी के सचिव धर्मेंद्र राठौर और संरक्षक सैयद आबिद मीर ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट रामचंद्र सोलपंखी ने की। अतिथि के रूप में डॉ. तेज कुमार और युवा तुर्क इरशाद कुरैशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा और समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रारंभ में सोसायटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

इस वर्ष का प्रतिष्ठित नौशाबा हादी अवार्ड सामाजिक कार्यकर्ता शरीफ खान को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन इकबाल उस्मानी ने किया तथा आभार संयुक्त सचिव नासिर मंसूरी ने माना। इस अवसर पर गंगाधर माहा, शाकिर शेख, एडवोकेट जाहिद नूर, अभिषेक सिसोदिया और विनीत सहित शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

### मयंक जोशी ने कर्नाटक में लहराया जीत का परचम, 786 किलो वजन उठाकर जीता कांस्य पदक

**उज्जैन।** कर्नाटक के मंगलौर में आयोजित राष्ट्रीय क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के मयंक जोशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। उन्होंने कुल 786 किलो वजन उठाकर एक बार फिर शहर और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि 24 से 28 मार्च तक मंगलौर में पावरलिफ्टिंग इंडिया, कर्नाटक पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन और काशाप फिटनेस कोडियालबेल के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर की महिला और पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

# भक्ति और उत्साह के सैलाब के साथ निकली भव्य श्री वीर हनुमान यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

नगर के धार्मिक इतिहास में 1 अप्रैल बुधवार का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर से पहली बार श्री वीर हनुमान यात्रा का अत्यंत विहंगम और भव्य शुभारंभ हुआ। दोपहर 3 बजे मंदिर प्रांगण में हनुमान जी के अद्भुत विग्रह की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद विग्रह को एक विशेष रूप से तैयार किए गए दिव्य रथ पर विराजित कर यात्रा प्रारंभ की गई।



इस यात्रा का स्वरूप इतना विशाल था कि समूचा मार्ग ञ्जय श्री रामञ् और ञ्वीर हनुमानञ् के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा के आकर्षणों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया, जिसमें सबसे आगे विशाल ध्वज और हाथी पर सवार होकर की जा रही इत्र वर्षा वातावरण को सुगंधित कर रही थी। बड़ौदा के नगाड़े, नासिक के ढोल और मंदसौर के स्थानीय ढोल दलों की थाप पर युवा और श्रद्धालु झूमते नजर आए। यात्रा में शामिल लव-कुश की झांकी, उड़ते हुए हनुमान जी का ट्राला, पंचमुखी हनुमान जी और बाहुबली हनुमान जी की सजीव झांकियों ने आकर्षण का केंद्र बनीं। इसके साथ ही दिल्ली से आए वानर सेवा दल और राम दरबार की झांकी ने सभी को भावविभोर कर दिया। यात्रा का समापन पुनः श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर में हुआ, जहाँ उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। आयोजन समिति के अनुसार, इस यात्रा की तैयारी पिछले दो महीनों से की जा रही थी, जिसमें नगर के 60 से अधिक समाजों को पीला चावल देकर आमंत्रित किया गया था।



## नगर में पुलिस ने रात भर कॉम्बिंग गश्त चलाई,सख्त जाँच व कार्यवाही की

नीमच। जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रातभर सघन कॉम्बिंग गश्त चलाई। 31 मार्च और 1 अप्रैल की दरम्यानी रात को चलाए गए इस अभियान में फरार आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए 165 गैर जमानती वारंट तामील किए गए, वहीं अवैध गतिविधियों पर भी प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कॉम्बिंग गश्त आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और बल ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, निगरानी बदमाशों की जांच, होटल-लॉज-ढाबों की चेकिंग और महिला अपराधियों पर विशेष नजर रखी। 12 स्थानों पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 100 से अधिक वाहनों की जांच हुई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 23 चालान बनाकर ९ हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# रतलाम में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं पाठ्य पुस्तक प्रदाय की गई। विद्यार्थियों को अतिथियो द्वारा साईकिल प्रदाय की गई।

कार्यक्रम स्थल पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का लाईव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अनीता कटारा, भोपाल से ओआईसी आरएसके वैभव श्रीवास्तव, जेडी कार्यालय से सहायक संचालक क्रीड़ा रामसिंह बनिहार (प्रेक्षक), जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा, प्राचार्य सुभाष कुमावत, डीपीसी राजेश झा, योजना अधिकारी जितेंद्र जोशी, जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपेन्द्र ठाकुर, एपीसी मुकेश राठौर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम.एल. डामर एवं बीआरसी विवेक नागर सहित अन्य शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने स्वागत भाषण दिया। बीआरसी विवेक नागर द्वारा प्रवेशोत्सव की रूपरेखा रखी गई एवं आभार प्रदर्शन किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि प्रवेशोत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति समाज की जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर हर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने का है। शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त नागरिक बनाती है।

श्री उपाध्याय ने विशेष रूप से अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हैं, जिनका लाभ हर पात्र विद्यार्थी तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासित दिनचर्या अपनाने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने जीवन में ऐसा मुकाम हासिल करने का प्रयास करना चाहिए जिससे वह अपने परिवार, विद्यालय और जिले का नाम रोशन कर सके तथा समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बन सके। नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया। क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अनीता कटारा ने विद्यालय को व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बताया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें तथा 12 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं।

## कलेक्टर गर्ग ने पुस्तक मेले का किया शुभारंभ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

कलेक्टर अदिती गर्ग ने संजय गांधी उद्यान स्थित पं. मदनलाल जोशी सभागृह में आयोजित पुस्तक मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। यह पुस्तक मेला 5 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न पुस्तक विक्रेताओं द्वारा लगभग 20 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां शैक्षणिक पुस्तकों, कॉपियों एवं अन्य सामग्री पर विशेष छूट दी जा रही है। निजी प्रकाशनों की पुस्तकों पर 15 प्रतिशत, कॉपियों पर 30 प्रतिशत तथा शैक्षणिक सामग्री पर 10 प्रतिशत की छूट उपलब्ध है। एनसीईआरटी की पुस्तकें नेट रेट पर प्रदान की जा रही हैं। साथ ही करियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। मेले में स्थापित पुस्तक बैंक विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसमें विद्यार्थी एवं अभिभावक स्वप्रेरणा से अपनी पुरानी पुस्तकें दान कर रहे हैं। अपना घर की बालिकाओं द्वारा 11वीं, 9वीं एवं द्वितीय कक्षा की पुस्तकें दान की गईं, जिस पर कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए बधाई दी।

## शहर के 15 स्कूलों के लिए राशि स्वीकृत

**रतलाम।** जिले में विद्यालयों को टाटपट्टी मुक्त करने के लिए चलाये जा रहे ज्ञानोदय अभियान में अधिकारियों कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी बढ- चढ कर सहयोग किया जा रहा है। रतलाम शहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं कैबिनेट मंत्री एवं सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री चेतन्य काश्यप ने अपनी विधायक निधि से 5 लाख 94 हजार रुपए स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए फर्नीचर( बेन्च) की व्यवस्था हेतु स्वीकृत की है।

## कलेक्टोरेट में सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वन्दे मातरम का गायन किया गया

नीमच। जिला कलेक्टर कार्यालय नीमच में बुधवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन, म.प्र.गान एवं वन्देमातरम का गायन डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.एस.मांगरिया तथा जिला अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात अप्रेल माह में शासकीय कार्यो की शुरुआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट, राजस्व, भू-अभिलेख, श्रम, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसंपर्क कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## पति को बेहोश कर जानलेवा हमला करने वाली पत्नी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी पत्नी को गिरफ्तार किया है। घटना ग्राम बिशन्या की है, जहाँ 19 वर्षीय फरियादी सूरज सिंह ने अपनी पत्नी मनीषा के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी के अनुसार, उसकी पत्नी ने खाने में नशीली दवा मिलाकर उसे बेहोश कर दिया और फिर हाथ-पैर बांधकर कैंची से उसके सीने, गले और पीठ पर कई वार किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील एवं एसडीओपी दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी मनीषा को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109(1) और 123 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## महावीर जयंती चल समारोह में महिला मंडलों ने बिखेरी श्रद्धा की अनुपम छटा

मंदसौर। भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव पर सकल जैन समाज मंदसौर द्वारा निकाले गये चल समारोह में जैन समाज की विभिन्न महिला मंडलों की सक्रिय भागीदारी करते हुए तपती गर्मी और चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना, श्रद्धा और उल्लास के साथ नंगे पैर चलते हुए महावीर के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाया।सकल जैन समाज ने इन सहभागी महिला मंडलों का सम्मान कर अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन परिवार की ओर से नकद पुरस्कार राशि भेंट की गई। जिसमें चन्दनबाला महिला मण्डल को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 10,100 रुपये द्वितीय स्थान पर रहे नरसिंहपुरा दिगम्बर महिला मण्डल को 9,100 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त महावीर जिनालय महिला मण्डल को 8,100 रुपये, चतुर्थ स्थान पर रहे खरतरगच्छ महिला मण्डल नयापुरा को 7,100 रुपये तथा पंचम स्थान प्राप्त सुरेन्द्र महिला मण्डल को 6,100 रुपये की राशि से पुरस्कृत किया गया। शांत क्रांति महिला मण्डल को भी 3,100 रु. की विशेष राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही बण्डीजी का बाग महिला मण्डल, अरिहन्त महिला मण्डल, श्रेयांस राजेन्द्र महिला मण्डल, श्रेयांसनाथ मंदिर मंडल, श्री नई पौषधशाला को 2100-2100 रुपए की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई।





# रतलाम में हाटकेश्वर जयंती पर नागर ब्राह्मण समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हाटकेश्वर जयंती के अवसर पर रतलाम में मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद शाखा रतलाम के तत्वाधान में बड़ी संख्या में नागर ब्राह्मण समाज ने हाटकेश्वर भगवान की पूजा अर्चना अभिषेक किया और शाम को शहर के प्रमुख मार्गो से एक भव्य चल समारोह निकाला गया जिसमें नागर पुरुष एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। जुलूस बैंड बाजा के साथ निकाला गया

# सलमान खान की अगली फिल्म में नयनतारा की एंट्री




## धुरंधर-2 ने 13 दिनों में वर्ल्डवाइड कमाए 1435 करोड़

### चौथी हाईएस्ट ग्रॉसिंग इंडियन फिल्म बनी, पुष्पा-2, बाहुबली-2 का भी टूट सकता है रिकॉर्ड

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 (धुरंधरः द रिवेंज) बॉक्स ऑफिस पर लगातार रिकॉर्ड बना रही है। 13 दिनों में फिल्म ने 1435 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया और आरआरआर के ऑल टाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही यह भारत की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।

इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्स के अनुसार, फिल्म ने 13वें दिन (दूसरे मंगलवार) 33.22 करोड़ और सोमवार को 30 करोड़ कमाए। इसके साथ वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1435 करोड़ और इंडियन कलेक्शन 1077 करोड़ हो गया है।

1435 करोड़ कलेक्शन के साथ धुरंधर बॉलीवुड की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने अपने पिछले पार्ट का रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन अब भी आमिर खान की दंगल (2200 करोड़) से पीछे है। दंगल की कमाई का बड़ा हिस्सा चीन से आया, जहां करीब 1300 करोड़ मिले, जबकि भारत में 535 करोड़ कमाए थे। 1435 करोड़ के साथ धुरंधर 2 सभी भाषाओं में भारत की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने फ्फ्फ़ और पिछले पार्ट, धुरंधर को पीछे छोड़ा है, जबकि दंगल, पुष्पा-2 और बाहुबली-2 अब भी आगे हैं। इन आंकड़ों के साथ धुरंधर और धुरंधर 2 के डायरेक्टर आदित्य धर बॉलीवुड के इकलौते निर्देशक बन गए हैं, जिन्होंने 1000 करोड़ से ज्यादा कमाई वाली दो फिल्में दी हैं। उनसे पहले एसएस राजामौली भी बाहुबली और बाहुबली 2 जैसी दो 1000 करोड़ कमाने वाली फिल्में बना चुके हैं।

मेगा प्रोजेक्ट में पहली बार साथ दिखेंगे दोनों कलाकार अप्रैल से शुरू होगी शूटिंग





सलमान खान की अगली बड़ी फिल्म में एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल में नजर आएंगी। यह पहली बार होगा जब ये दो बड़े सितारे पर्दे पर एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। सलमान इस बार साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम करे रहे हैं। इस फिल्म को अस्थायी नाम एसवीसी63 दिया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। सोमवार को सलमान खान और प्रोडक्शन हाउस 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स' ने सोशल मीडिया पर प्रोजेक्ट की घोषणा की थी।

**दर्शकों को देखने मिलेगी अलग-अलग एक्टिंग-** इस फिल्म में दर्शकों को एक्टिंग के दो अलग-अलग स्कूल देखने को मिलेंगे। सलमान खान जहां अपने खास स्वैग वाले अंदाज के लिए जाने जाते हैं, वहीं नयनतारा अपनी इंटेंस और कैरेक्टर-ड्रिवन परफॉर्मेंस के लिए फेमस हैं। मेकर्स का मानना है कि सलमान की स्टार पावर और नयनतारा की गहराई वाली एक्टिंग का यह मिश्रण पर्दे पर एक नई केमिस्ट्री पैदा करेगा।

**डायरेक्टर वामशी पेडिपल्ली संभालेंगे कमान-** फिल्म का डायरेक्शन वामशी पेडिपल्ली कर रहे हैं। वामशी बड़े स्केल पर फिल्में बनाने के साथ-साथ उनमें मजबूत इमोशनल कहानी पिरोने के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म के जरिए वे सलमान और नयनतारा की अपनी-अपनी खूबियों को एक बड़े विजन के साथ जोड़ने की कोशिश करेंगे। फिल्म में हाई-लेवल एक्शन के साथ-साथ किरदारों के बीच की इमोशनल जर्नी भी दिखाई जाएगी।

**सलमान खान की एसवीसी63 फिल्म क्या है-** एसवीसी63 बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर है, जिसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। इसमें हिंदी और दक्षिण भारतीय इंडस्ट्री के कलाकार शामिल होंगे। बताया गया है, 'यह फिल्म सलमान खान को पर्दे पर एक ऐसे अवतार में पेश करेगी, जैसा उनके फैंस ने इससे पहले कभी नहीं देखा होगा।



## प्रियंका चोपड़ा ने गोल्डन टेंपल में माथा टेका

### दुपट्टे से सिर ढंककर आईं, लंगर हॉल में जूठे बर्तन मांजने की सेवा की, गुरबाणी सुनी

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अमृतसर में गोल्डन टेंपल पहुंची। इस दौरान उन्होंने दरबार साहिब में माथा टेका। इसके बाद उन्होंने लंगर हॉल में जाकर जूठे बर्तन धोने की सेवा की। इसके अलावा लंगर हॉल के बाकी कामों में भी सहयोग किया। इस दौरान उन्होंने कुछ देर बैठकर गुरबाणी भी सुनी। इस दौरान प्रियंका चोपड़ा ने गोल्डन टेंपल की मयार्दा का खास ख्याल रखा। वह रोज गोल्ड कलर का शूट पहने नजर आई। गोल्डन टेंपल में एंट्री करते ही उनका सिर दुपट्टे से ढंका हुआ रहा। प्रियंका चोपड़ा आम श्रद्धालु की तरह यहां रही। इस दौरान उन्होंने किसी से कोई बात नहीं की। मीडिया ने भी सवाल पूछने की कोशिश की लेकिन उन्होंने किसी के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया। वह सेवा करने के बाद वहां से चली गईं। वह साढ़े 4 बजे गोल्डन टेंपल पहुंची थीं। वह करीब आधा घंटा गोल्डन टेंपल में रहीं। उत्तर प्रदेश के बरेली में जन्मीं प्रियंका चोपड़ा ने बचपन में कभी रंगभेद का सामना किया, तो कभी तानों से बचने के लिए बाथरूम में छिपकर खाना खाया। इन सबके बावजूद उन्होंने महज 18 साल की उम्र में 90 देशों की खूबसूरत कंटेस्टेंट्स को पीछे कर 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। मिस वर्ल्ड जीतने के बाद प्रियंका ने पहले तमिल सिनेमा में एंट्री ली और फिर बॉलीवुड में। प्रियंका ने लगातार ऐतराज, कृष, फैशन, डॉन 2, अग्निपथ जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम करते हुए खुद को बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस के बीच ला खड़ा किया, लेकिन फिर 2015 के बाद उन्होंने अचानक इंडस्ट्री छोड़ दी।

# रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी का टीजर आउट

## संजय दत्त-अभिषेक बच्चन समेत कई बड़े सितारे नजर आएंगे, 1 मई को तीन भाषाओं में रिलीज होगी मूवी

बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' का पहला टीजर आज जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में रितेश देशमुख मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ डायरेक्शन की कमान भी संभाल रहे हैं।

हाल ही में फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' के साथ सिनेमाघरों में इसका एक्सक्लूसिव प्रिव्यू दिखाया गया। अब इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए ऑनलाइन जारी कर दिया गया है।

यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे मराठी के साथ-साथ हिंदी और तेलुगू भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।

**संजय दत्त-अभिषेक बच्चन समेत बड़ी स्टारकास्ट-** फिल्म 'राजा शिवाजी' में रितेश देशमुख के साथ बॉलीवुड और मराठी सिनेमा के कई दिग्गज कलाकार नजर आएंगे। इनमें संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान और जितेन्द्र जोशी जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा बोमन ईरानी, अमोल गुप्ते और जेनेलिया देशमुख भी अहम






किरदारों में दिखेंगे। मेकर्स ने इस फिल्म को एक बड़े पैन-इंडिया लेवल पर तैयार किया है।

**फिल्म में स्वराज्य के जन्म की कहानी-** यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की असाधारण विरासत और 'स्वराज्य' की स्थापना के उनके संकल्प पर आधारित है। टीजर में फिल्म की भव्यता और इमोशनल गहराई की झलक मिलती है। रितेश देशमुख ने एक एक्टर और डायरेक्टर के तौर पर इस फिल्म में विजुअल ग्रैंड्योर और साहस की कहानी को पिरोने की कोशिश की है। फिल्म के एक्शन सीन्स और सिनेमैटोग्राफी को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए फेमस संतोष सिवन को बतौर सिनेमैटोग्राफर जोड़ा गया है।

### फिल्म को अजय-अतुल की जोड़ी ने दिया संगीत

फिल्म को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए बड़े नामों को जोड़ा गया है। फिल्म का जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। वहीं, संतोष सिवन के विजुअल्स फिल्म को एक सिनेमाई अनुभव देने की कोशिश की है। फिल्म के टीजर को जिस तरह से पैक किया गया है, उससे साफ है कि मेकर्स इसे सिर्फ एक ऐतिहासिक ड्रामा नहीं, बल्कि एक बड़े एक्शन स्पेक्टेकल के तौर पर पेश करना चाहते हैं।

## पांचवें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 6 विकेट से हराया

# शमी ने 5वीं बार पहली बॉल पर विकेट लिया

### रिजवी ने सिक्स लगाकर मैच जिताया पंत रनआउट हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ



आईपीएल 2026 के पांचवें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में मोहम्मद शमी ने 5वीं बार पहली बॉल पर विकेट लिया। चेज के दौरान रिजवी ने सिक्स लगाकर मैच फिनिश किया। ऋषभ पंत का नॉन-स्ट्राइक एंड पर रनआउट होना अहम मोमेंट रहा।

**लखनऊ का पहली पारी में लोएस्ट स्कोर-** लखनऊ ने पहली पारी में अपना अब तक का सबसे कम स्कोर बनाया। टीम ने दिल्ली के खिलाफ 141 रन बनाए। इससे पहले यह रिकॉर्ड 153/8 का था, जो उन्होंने 2022 में पंजाब के खिलाफ पुणे में बनाया था।

**शमी ने 5वीं बार पहली बॉल पर विकेट लिया-** मोहम्मद शमी ने 5वीं बार अपनी पहली बॉल पर विकेट लिया। प्रवीण कुमार-उमेश यादव जैसे बॉलर्स ने 3-3 बार यह कारनामा किया है। खास बात यह है कि शमी ने दो अलग-अलग टीमों के डेब्यू की पहली बॉल पर विकेट लिया।

2022 में गुजरात टाइटंस के लिए डेब्यू करते हुए उन्होंने केएल राहुल को पहली ही गेंद पर पर आउट किया था, वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए डेब्यू करते हुए भी उन्होंने केएल राहुल को पहली गेंद पर गोल्डन डक पर पवेलियन भेजा।

**दो प्लेयर्स ने डेब्यू किया-** मैच में 2 प्लेयर्स ने आईपीएल डेब्यू किया। दिल्ली ने श्रीलंका के ओपनर पाथुम निसांका को डेब्यू कैप सौंपी। वहीं लखनऊ के लिए अनकैप्ड भारतीय मुकुल चौधरी ने पहला आईपीएल मैच खेला।

**पंत ने चौके से अपना खाता खोला-** पहले ओवर में ऋषभ पंत ने मुकेश कुमार की गेंद पर चौका लगाकर अपना खाता खोला। ओवर की तीसरी गेंद फुल और स्टंप्स के पास थी। पंत ने सीधे बल्ले से सामने की ओर शॉट खेलकर चौका लगा दिया।

**पंत रनआउट हुए-** 2.6 ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर ऋषभ पंत रन आउट हो गए। गेंद फुल लेंथ पर थी। मिचेल मार्श ने सीधा शॉट खेला। बॉलर एंड पर मुकेश के हाथ से बॉल लगकर स्टंप्स से टकरा गई। नॉन स्ट्राइकर एंड पर पंत क्रीज से बाहर थे। गेंद स्टंप्स से लगी और पंत को वापस लौटना पड़ा।

**एनगिडी की स्लोअर बॉल पर पूरन बोल्ड-** 9वें ओवर में निकोलस पूरन बोल्ड हो गए। लुंगी एनगिडी ने स्लोअर ऑफ-कटर फेंकी। पूरन ऑन साइड में फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन शॉट के वक्त उनका बैलेंस बिगड़ गया। गेंद बैट के नीचे से निकलकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई।

**मुकुल ने अपनी पहली दोनों बॉल पर चौका लगाया-** 10वें ओवर में मुकुल चौधरी ने लगातार दो चौके लगाकर आईपीएल में खाता खोला। कुलदीप यादव की गेंद पर मुकुल ने स्वीप शॉट खेला और गेंद फाइन लेग की दिशा में भेज दी। अगली गेंद पर भी मुकुल के बैट का किनारा लेकर बॉल बाउंड्री की तरफ निकल गई।

**मोहसिन ने विकेट मेडेन ओवर फेंका-** तीसरे ओवर में मोहसिन खान ने विकेट लेकर कोई रन नहीं दिया। उन्होंने तीसरी गेंद पर नीतीश राणा को अब्दुल समद के हाथों कैच कराया। इसके बाद इम्पैक्ट सब के तौर पर समीर रिजवी आए। मोहसिन ने बाहर की ऑफ स्टंप लाइन रखकर रिजवी को डिफेंस करने पर मजबूर कर दिया।

**रिजवी की चौके से फिफ्टी-** 13.5 ओवर में समीर रिजवी ने चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। मार्करम की शॉर्ट गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी, रिजवी ने बैकफुट पर जाकर पॉइंट के पीछे कट शॉट खेला। बॉल बाउंड्री के बाहर चौके के लिए चली गई।

**रिजवी ने सिक्स लगाकर मैच जिताया-** 18वें ओवर की पहली गेंद पर समीर रिजवी ने अब्दुल समद के खिलाफ सिक्स लगाया। इसी के साथ उन्होंने टीम को 6 विकेट से जीत दिला दी। रिजवी ने समद की बॉल को डीप मिडविकेट के ऊपर भेज दिया।

आईपीएल में आज केकेआर-एसआरएच

## कोलकाता के खिलाफ हैदराबाद का रिकॉर्ड खराब




ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2026 के छठे मैच में अपने होम ग्राउंड पर आज सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। यह मैच ईडन गार्डन्स में शाम 7:30 बजे शुरू होगा। जबकि टॉस 7:00 बजे होगा।

दोनों टीमों को अपने-अपने पहले मैच में हार झेलनी पड़ी थी। सीजन के पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। वहीं, 4 बार की चैंपियन कोलकाता को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में हार का सामना करना पड़ा था। कोलकाता और हैदराबाद के बीच अब तक 30 आईपीएल मुकाबले खेले गए हैं। इनमें कोलकाता ने 19 मैच जीते हैं, जबकि हैदराबाद को 10 जीत मिली है। एक मैच टाई रहा था, जिसे सुपर ओवर में कोलकाता ने अपने नाम किया। ईडन गार्डन्स में दोनों टीमों के बीच 11 मुकाबले हुए हैं। यहां होम टीम कोलकाता का दबदबा रहा है, जिसने 8 मैच जीते हैं, जबकि हैदराबाद को 3 मुकाबलों में सफलता मिली है।

कोलकाता की बॉलिंग इस सीजन टीम के लिए चिंता की बात है। शुरूआत में ऐसा लगा था कि टीम ने एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार कर लिया है, लेकिन चोटों और खिलाड़ियों की उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं ने इस ताकत को कमजोर कर दिया है। हर्षित राणा और आकाश दीप टीम से बाहर हैं, मथीश पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से एनओसी नहीं मिला है, जबकि 25.20 करोड़ रुपए में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर ही उपलब्ध हैं।













### बैंक ग्राहकों के लिए बड़ी खबर

## 50,000 से अधिक की ब्याज आय पर ही कटेगा टीडीएस




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

क्या बैंक जमा पर मिलने वाले ब्याज पर कटेगा टीडीएस? आयकर विभाग ने नए आयकर अधिनियम 2025 के तहत टीडीएस कटौती के नियमों और 50,000 रुपये की सीमा पर अहम जानकारी दी है। बैंकिंग नियमों में हुए इस बड़े बदलाव और अनुपालन की पूरी जानकारी के लिए पढ़ें पूरी रिपोर्ट।

आयकर विभाग ने बैंक और पोस्ट ऑफिस की जमा राशियों पर मिलने वाले ब्याज पर टैक्स कटौती (टीडीएस) के नियमों को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में विभाग ने कहा कि बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1949 के तहत शासित होने वाली सभी बैंकिंग कंपनियों को निर्धारित सीमा से अधिक ब्याज आय होने पर ही टीडीएस काटना होगा। यह कदम नए आयकर अधिनियम, 2025 के लागू होने के बाद बैंकिंग संस्थानों की परिभाषा और उनके अनुपालन को लेकर उत्पन्न हुए तकनीकी भ्रम को दूर करने के लिए उठाया गया है।

**आम और वरिष्ठ नागरिकों के लिए क्या है टीडीएस की सीमा-** आयकर कानून के मौजूदा प्रावधानों के तहत जमाकर्ताओं के लिए टीडीएस कटौती की सीमाएं स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई हैं। नियमों के अनुसारः यदि किसी सामान्य नागरिक को एक वित्तीय वर्ष में बैंक या पोस्ट ऑफिस जमा से 50,000 रुपये से अधिक का ब्याज मिलता है, तो उस पर स्त्रोत पर कर कटौती की जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों को राहत देते हुए यह सीमा एक लाख रुपये प्रति वित्तीय वर्ष तय की गई है।

### सरकार ने एफटीए के दुरुपयोग पर कसा शिकंजा

# सोना-चांदी के आभूषणों के आयात पर लगाई रोक, अब डीजीएफटी से चाहिए लाइसेंस...



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने सोना, चांदी और प्लैटिनम के आभूषणों के आयात पर तत्काल रोक लगाई है, ताकि एफटीए का दुरुपयोग रोका जा सके। इसके तहत अब आयातकों को डीजीएफटी से अनुमति या लाइसेंस लेना होगा, जबकि कुछ विशेष निर्यात केंद्र और योजनाएं इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी।

सरकार ने बुधवार को सोना, प्लैटिनम और चांदी के आभूषणों के आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की घोषणा की। इसका मकसद मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के दुरुपयोग को रोकना है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना में कहा गया, ये प्रतिबंध किसी भी पहले किए गए अनुबंध, अपरिवर्तनीय वाणिज्यिक साख पत्र (लेटर ऑफ क्रेडिट), अग्रिम भुगतान, खेप की स्थिति या किसी अन्य प्रतिबद्धता के बावजूद स्वतंत्र रूप से लागू होंगे। इसके अनुसार, संक्रमणकालीन नियमों का लाभ अब उपलब्ध नहीं होगा। अस्थायी या अंतरिम नियमों के तहत मिलने वाले किसी भी विशेष लाभ का इस बार कोई फायदा नहीं मिलेगा।

**आयातकों को डीजीएफटी से लेना होगा लाइसेंस-** सीमा शुल्क कोड 7113 (कस्टम्स टैरिफ हेडिंग) के तहत आने वाले सामानों की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से 'मुक्त' से 'प्रतिबंधित' में संशोधित किया गया है। इस सीमा शुल्क कोड में सोना, चांदी और प्लैटिनम के आभूषण आते हैं। अब इन वस्तुओं के आयातकों को डीजीएफटी से अनुमति या लाइसेंस लेना होगा।

#### इन इकाइयों के आयात पर प्रतिबंध नहीं

- इसके साथ ही, अब सभी सोना, चांदी और प्लैटिनम के आभूषणों के आयात पर प्रतिबंध लागू हो गया है। हालांकि, 100 फीसदी निर्यात केंद्रित इकाइयों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में स्थित इकाइयों के आयात इन प्रतिबंधों से मुक्त रहेंगे। साथ ही, विदेश व्यापार नीति के एक हिस्से के तहत रत्न और आभूषण के निर्यात के लिए बनाई गई योजनाओं के तहत किया गया आयात भी इन प्रतिबंधों से मुक्त रहेगा।
- एक अधिकारी ने कहा कि कुछ आयातक भारत-आसियान एफटीए का दुरुपयोग कर रहे थे। उन्होंने सरकार से कहा कि लाइसेंस प्रक्रिया सरल बनाई जाए, ताकि वास्तविक व्यापारी इस कदम से प्रभावित न हों। भारत का 2010 से 10 दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के समूह आसियान के साथ वस्तुओं पर मुक्त व्यापार समझौता है।
- पिछले साल नवंबर में सरकार ने कुछ प्रकार के प्लैटिनम आभूषणों के आयात पर अप्रैल तक रोक लगा दी थी। सितंबर 2025 में इसी तरह के प्रतिबंध चांदी के आभूषणों पर मार्च तक लागू किए गए थे।
- अधिकारी ने कहा कि कुछ व्यापारी एफटीए का गलत फायदा उठाकर शुल्क में अंतर का लाभ लेकर जल्दी मुनाफा कमाने की कोशिश कर रहे थे। इस कदम का मकसद थाईलैंड जैसे देशों से सजावट वाले आभूषणों के नाम पर इन कीमती धातुओं के आयात को रोकना है।

### सरसों का उत्पादन बढ़कर

## 119.4 लाख टन होने का अनुमान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरसों की अधिक फसल घरेलू खाद्य तेल की उपलब्धता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी। देश में सरसों का उत्पादन वर्षों से लगातार बढ़ रहा है, जो 2019-20 में लगभग 86 लाख टन था और 2025-26 में करीब 120 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है। भारत में राई-सरसों का उत्पादन 2025-26 के रबी सत्र में बढ़कर 119.4 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 115.2 लाख टन से अधिक है। यह जानकारी उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने सोमवार को दी। एसईए के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, इस अनुमान के लिए आंकड़े सरसों उत्पादक जिलों में जमीनों के सर्वेक्षण, फसल कटाई और रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीकों का इस्तेमाल करके इकट्ठा किए गए। सरसों की अधिक फसल घरेलू खाद्य तेल की उपलब्धता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी। देश में सरसों का उत्पादन वर्षों से लगातार बढ़ रहा है, जो 2019-20 में लगभग 86 लाख टन था और 2025-26 में करीब 120 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है।

**राई-सरसों का कुल क्षेत्रफल बढ़ा-** अनुमान के अनुसार, राई-सरसों का कुल क्षेत्रफल 2024-25 के 92.15 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 93.91 लाख हेक्टेयर हो गया है। औसत उत्पादकता भी बेहतर मौसम और उन्नत कृषि पद्धतियों के चलते 1,250 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 1,271 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर होने का अनुमान है।

### स्वास्थ्य बीमा का दावा पास कराना होगा आसान

## नई तकनीक की मदद लेकर तेजी से निपटेंगे मामले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




क्या आप भी अस्पताल में हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम पास होने में लगने वाले लंबे समय से परेशान हैं? जानिए कैसे जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआईसी), एआई और एनएचसीएक्स पोर्टल की मदद से क्लेम प्रक्रिया को पारदर्शी, पेपरलेस और तेज बना रहा है। ग्राहकों की सुविधा और नए अपडेट्स समझने के लिए पूरी खबर पढ़ें।

मेडिकल इमरजेंसी के वक्त अस्पताल के इलाज से ज्यादा तनाव अक्सर मरीजों और उनके परिजनों को हेल्थ इंश्योरेंस का 'क्लेम पास' कराने को लेकर होता है। लेकिन अब पॉलिसीधारकों की इस सबसे बड़ी परेशानी का स्थायी समाधान होने जा रहा है। सरकार द्वारा हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम को किफायती बनाने के प्रयासों के बीच, अब उद्योग के प्रतिनिधि निकाय 'जनरल इंश्योरेंस काउंसिल' ने अपना पूरा ध्यान दावा निपटान को पारदर्शी और तेज बनाने पर लगा दिया है।

**इलाज के दौरान ग्राहकों को नहीं करना पड़ेगा घंटों इंतजार-** अब ग्राहकों को क्लेम के लिए घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई, सरकार के नए 'नेशनल हेल्थ क्लेम्स एक्सचेंज' (एनएचसीएक्स) और उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए बीमा कंपनियों और अस्पतालों के बीच सीधा और मजबूत तालमेल बनाया जा रहा है। इन नई तकनीकों से न केवल पेपरलेस और रियल-टाइम क्लेम अप्रूवल मिलेगा, बल्कि ग्राहकों को अपने दावे का सटीक स्टेटस ट्रैक करने की सुविधा भी मिलेगी। इसका मुख्य उद्देश्य मेडिकल इमरजेंसी के दौरान होने वाली अनिश्चितता को खत्म करना और हेल्थ इंश्योरेंस को आम आदमी के लिए एक वास्तविक और भरोसेमंद सपोर्ट सिस्टम बनाना है। इस बारे में उद्योग के जानकार क्या कह रहे हैं, आइए विस्तार से समझने की कोशिश करते हैं।

**दावा में तेजी लाने और पारदर्शिता को मजबूत करने पर जोर-** हेल्थ इंश्योरेंस इकोसिस्टम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआईसी ) के रणनीतिक पार्टनरशिप डॉ. एस. प्रकाश ने अमर उजाला डॉटकॉम के साथ बातचीत में बताया कि, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी छूट रिटेल हेल्थ इंश्योरेंस को किफायती बनाने की है, साथ ही छोटे शहरों में इसका विस्तार करने की है, जहां अभी भी काफी कम पहुंच है।

- **स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत भी एक बड़ा मुद्दा-** डॉ. प्रकाश कहते है, स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत भी एक बड़ा मुद्दा है, जिसके लिए खर्च में बढ़ोतरी केवल अस्पतालों के टैरिफ स्तर पर नहीं, बल्कि इलाज की प्रक्रिया के दौरान भी होती है। यहां पर स्टैंडर्ड इलाज की गाइडलाइंस को अपनाने और इंश्योरेंस कंपनियों और अस्पतालों के बीच मजबूत तालमेल एक अहम भूमिका निभा सकता है, इसलिए काउंसिल इस ओर भी ध्यान दे रही है।
- जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के कार्यकारी कमेटी के सदस्य एवं स्टार हेल्थ के सीईओ आनंद रॉय कहते हैं,व्यक्तिगत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी हटाना बड़ा बदलाव है, जिससे लाखों भारतीयों के लिए इंश्योरेंस सस्ता हो गया है। इसकी वजह से पहली बार पॉलिसी लेने वाले लोग सिस्टम से जुड़ रहे हैं, उद्योग दावों के निपटान के तेज करने, उनमें पारदर्शिता लाने और उपभोक्ता अनुभवों को और बेहतर बनाने की कोशिशों को तेज किया जाने की जरूरत है।

### आईटी मंत्री की कंपनियों को सख्त चेतावनी

## भारत में प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रुकेगा सरकारी फंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के लिए बड़ी खबर। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ किया है कि भारत में प्रोडक्ट डिजाइन और क्वालिटी पर निवेश नहीं करने वाली कंपनियों को ईसीएमएस स्कीम का सरकारी फंड नहीं मिलेगा। जानिए सरकार की नई शर्तों और इस बड़े फैसले का पूरी इंडस्ट्री पर क्या असर होगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को साफ कर दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) में शामिल कंपनियों को सरकारी सहायता तभी मिलेगी, जब वे भारत में उत्पाद के डिजाइन पर गंभीरता से निवेश करेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रोत्साहन और समर्थन इस बात से जुड़े होंगे कि कंपनियां देश में डिजाइन, क्वालिटी और इंजीनियरिंग क्षमताओं का कितना विकास कर रही हैं।

मंत्री ने चेताया कि अगर कंपनियां सरकार की चार प्रमुख मांगों पर काम नहीं करती हैं, तो वह अगली इंडस्ट्री मीटिंग में शामिल भी नहीं होंगी। वैष्णव ने कहा कि कंपनियों द्वारा डिजाइन और क्वालिटी क्षमताओं को विकसित करने की गति से वे निराश हैं, और अगर सुधार नहीं हुआ तो सरकार कड़े फैसले लेने को तैयार है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अगर इंडस्ट्री हमारी अपेक्षाओं के मुताबिक कदम नहीं उठाती है, तो हम आगे की मंजूरी और फंडिंग रोक सकते हैं।

सरकार की अपेक्षाओं को बताते हुए मंत्री ने कहा कि कंपनियों को केवल असेंबली या बेसिक मैन्युफैक्चरिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें कॉन्सेप्चुअल डिजाइन, इंजीनियरिंग डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग डिजाइन तक अपनी क्षमता बढ़ानी होगी। मंत्री ने यह भी कहा कि जिन प्रोजेक्ट्स को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, उनमें भी अगर शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो फंड जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, जिन आवेदनों को मंजूरी दी जा चुकी है, उनमें भी हम पैसा नहीं देंगे अगर हमारी शर्तें पूरी नहीं हुईं।

# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडू, सांडू, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडैंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोनॅको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी. एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्डेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिडास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**

## ट्रम्प बोले- ईरान जंग में जीत मिली:

# राष्ट्र के नाम संबोधन- मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नेवी खत्म, सेना हमारे कंट्रोल में, ऑपरेशन जारी

ब्रह्मास्त्र » ब्रिसबेन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा। ट्रम्प ने आगे कहा कि ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नौसेना खत्म हो गई है। सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। इस सैन्य अभियान का अहम मकसद पूरा होने वाला है। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका ईरान को 'स्टोन एज, यानी पाषाणकाल' में भेज देंगे। हालांकि उन्होंने यह दावा भी किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई लीडरशिप पहले से कम कट्टर है।

### ट्रम्प बोले- अगले 2-3 हफ्ते ईरान पर बड़े हमले करेंगे

ट्रम्प ने कहा है कि अगले 2-3 हफ्तों में ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका अपने सैन्य लक्ष्यों को जल्द हासिल कर लेगा। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिका सभी उद्देश्यों को पूरा करने के करीब है और आने वाले हफ्तों में हमले और तेज किए जाएंगे।

### ट्रम्प का दावा- ईरान ने 45 हजार प्रदर्शनकारियों की हत्या की


ट्रम्प ने ईरान पर 45 हजार प्रदर्शनकारियों की हत्या का आरोप लगाया। ट्रम्प ने दावा किया कि जनवरी में ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 45,000 लोगों को मार दिया गया। इससे पहले उन्होंने 28 फरवरी को यह आंकड़ा करीब 32,000 बताया था। हालांकि, इस दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया है, जिस पर सवाल उठ रहे हैं।

### ट्रम्प बोले- अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान को पाषाण युग में भेज देंगे

ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका तेहरान को 'स्टोन एज (पाषाण काल)' में भेज देगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका धीरे-धीरे पूरी प्लानिंग के साथ ईरान की उस ताकत को खत्म कर रहा है, जिससे वह अमेरिका को खतरा पहुंचा सके या अपने देश के बाहर प्रभाव दिखा सके। उन्होंने दावा किया कि ईरान की नौसेना, वायुसेना और मिसाइल बनाने की क्षमता को नष्ट कर दिया गया है। ट्रम्प ने कहा, आज रात मैं यह कहते हुए खुश हूं कि हमारे ये मुख्य रणनीतिक लक्ष्य अब लगभग पूरे हो चुके हैं। और ईरान में 'मिशन खत्म करने' के करीब हैं। हालांकि यह काम पूरा होने में 2 से 3 हफ्ते और लग सकते हैं।

### ट्रम्प बोले- होर्मुज को खोलने की जिम्मेदारी हमारी नहीं

ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका के अहम रणनीतिक मकसद लगभग पूरे हो चुके हैं और वह ईरान में 'मिशन खत्म करने' के करीब हैं। हालांकि यह काम पूरा होने में 2 से 3 हफ्ते और लग सकते हैं। ट्रम्प ने एक बार फिर से सहयोगी देशों की आलोचना की, क्योंकि उन्होंने ईरान के खिलाफ इस लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने की जिम्मेदारी अब उन्हें देशों को लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपनी तेल जरूरतों के लिए इस रास्ते पर निर्भर नहीं है, इसलिए वह इसे खोलने की जिम्मेदारी नहीं लेगा।




### ट्रम्प बोले- ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए

ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों (खासकर इजराइल और खाड़ी देशों) का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, ह्वउन्होंने बहुत अच्छा साथ दिया है, और हम उन्हें किसी भी हालत में नुकसान नहीं होने देंगे या असफल नहीं होने देंगे ह्ल ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान ने इन देशों पर कई बार हमले किए हैं, और यही वजह है कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत से ही यह कसम खाई थी कि वह ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।

## आतंकी हाफिज सईद के बेटे से हाथ मिलाते दिखे ह्रट शहबाज के करीबी नेता



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के करीबी सहयोगी राणा सनाउल्लाह और आतंकी हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

बताया जा रहा है कि यह तस्वीर फैसलाबाद में हुए एक शादी समारोह की है, जिसमें राणा सनाउल्लाह और तल्हा सईद एक-दूसरे से हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस मुलाकात की सही तारीख की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। हाफिज सईद को 2008 के मुंबई आतंकी हमलों का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है। उस पर भारत, अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिबंध लगाए हुए हैं। उसका बेटा तल्हा सईद भी भारत द्वारा वअढअ कानून के तहत आतंकी घोषित किया जा चुका है। हाफिज सईद इस समय पाकिस्तान में सजा काट रहा है, लेकिन समय-समय पर उसके खुलेआम घूमने की खबरें भी सामने आती रही हैं। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान के किसी नेता का नाम ऐसे विवाद में जुड़ा हो। पिछले साल पंजाब के कसूर में हुए एक कार्यक्रम में भी कई पाकिस्तानी मंत्री आतंकी संगठनों से जुड़े लोगों के साथ मंच साझा करते दिखे थे। यह मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब हाल ही में आई एक अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया था कि पाकिस्तान में कई आतंकी संगठन अब भी सक्रिय हैं और उन्हें पूरी तरह खत्म नहीं किया गया है।

## अमेरिका के लास वेगास में F-35 फाइटर जेट क्रैश, पायलट ने कूद कर जान बचाई

अमेरिका के लास वेगास में मंगलवार को एक ऋ 35 फाइटर जेट क्रैश हो गया। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, यह हादसा नेलिस एयर फोर्स बेस के पास हुआ। विमान इंडियन स्प्रिंग्स से करीब 25 मील उत्तर-पूर्व में नेवादा टेस्ट एंड ट्रेनिंग रेंज के प्रतिबंधित क्षेत्र में गिरा। हादसे के दौरान पायलट ने समय रहते इजेक्ट कर लिया, जिससे उसकी जान बच गई। अधिकारियों के अनुसार, पायलट को मामूली चोटें आई हैं और उसका इलाज चल रहा है। वायुसेना ने बताया कि दुर्घटना नियंत्रित एयरस्पेस में हुई और इससे आम लोगों को कोई खतरा नहीं हुआ। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामले की जांच के बाद ही साफ हो सकेगा कि यह दुर्घटना क्यों हुई।

# रूस का मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन क्रीमिया में क्रैश, 29 की मौत; चट्टान से टकराया

ब्रह्मास्त्र » क्रीमिया

रूस का मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन अल्ल-26 मंगलवार को क्रीमिया में क्रैश हो गया। इसमें 23 यात्री और 6 क्रू सदस्य सवार थे। सभी की मौके पर ही मौत हो गई। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, पहले विमान से संपर्क टूट गया था। बाद में यह चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शुरुआती जांच में हादसे की वजह तकनीकी खराबी मानी जा रही है। इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। मामले की जांच जारी है। अल्ल-26 प्लेन सोवियत दौर का सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान है। इसे एंटोनोव कंपनी ने बनाया था। इसकी पहली उड़ान 1969 में हुई थी।

इसका इस्तेमाल सैनिकों, हथियारों और सैन्य सामान को ले जाने के लिए किया जाता है।



# ईरान में इस्लामिक गार्ड के हाथ में पूरा कंट्रोल, रिपोर्ट- राष्ट्रपति को सुप्रीम लीडर मुजतबा से मिलने से रोका

ब्रह्मास्त्र » ब्रिसबेन

ईरान में सरकार और धार्मिक सेना के बीच टकराव बढ़ने की खबर है। तेहरान टाइम्स रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ताकतवर सेना जैसी संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के बीच सत्ता को लेकर खींचतान चल रही है।

अखबार के मुताबिक देश का कंट्रोल अब अपने हाथ में ले लिया है। दावा यह भी है कि राष्ट्रपति पजशकियान की मुलाकात सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से नहीं हो पा रही है। दरअसल इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को लेकर एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। ट्रम्प के मुताबिक, उनकी टीम कुछ ह्यसमझदारह्ल ईरानी नेताओं के संपर्क में है और बातचीत के जरिए हालात को शांत करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, ईरान ने ट्रम्प के इस दावे को तुरंत खारिज कर दिया। ईरानी अधिकारियों ने साफ कहा कि किसी भी तरह की सीधी बातचीत नहीं चल रही है। ट्रम्प का दावा खारिज होने के बाद यह सवाल उठने लगा कि आखिर ईरान में असली कंट्रोल किसके पास है।



रिपोर्ट के मुताबिक पजशकियान कोई बड़ा फैसला नहीं ले पा रहे हैं। IRGC जिसका काम अमेरिका के हमलों का जवाब देना था, अब सरकार की अहम फैसले भी ले रहा है। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि पजशकियान ने 26 मार्च को नया खुफिया मंत्री नियुक्त करने की कोशिश की थी। वे हुसैन देहगान को यह पद देना चाहते थे, लेकिन IRGC चीफ अहमद वहीदी ने इसे रोक दिया।

### IRGC सिस्टम पर पकड़ मजबूत कर रहा

वहीदी ने यह पद तब संभाला था, जब युद्ध की शुरुआत में पिछले कमांडर मोहम्मद पाकपुर मारे गए थे। वहीदी का कहना है कि युद्ध की स्थिति में सभी अहम और संवेदनशील पदों पर नियुक्ति IRGC ही करेगा और वही उन्हें संभालेगा। आमतौर पर ईरान की व्यवस्था में राष्ट्रपति खुफिया मंत्री का नाम तभी तय करते हैं, जब सुप्रीम लीडर की मंजूरी मिल जाती है, क्योंकि सुरक्षा से जुड़े मामलों में अंतिम अधिकार उन्हीं के पास होता है। अखबार लिखता है कि ईरान में सुप्रीम लीडर कौन है, इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है। 28 फरवरी को जब जंग शुरू हुई उसी दिन अयातुल्लाह अली खामेनेई और कई बड़े नेता मारे गए थे। कुछ दिनों बाद खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को सर्वोच्च नेता बनाया गया, लेकिन तब से वे न तो सामने आए हैं और न ही सीधे कोई बयान दिया है।

## अंतर ढूंढो...







## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

. आदत, स्वभाव-4
. सुरक्षित-4
. जरुरतमंद-5
. भीगा हुआ-2
1. मक्का-मदीना की यात्रा-2
2. सोना, धतुरा-3
4. धक्का देना-4
5. खानाबदोश, बंजारा-4
6. अंधेरा, अंधकार-3
8. खामी, बुरी आदत-2
9. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व महंगे कपड़े का एक प्रकार-4

### ऊपर से नीचे

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होंठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | | 15 | | 10 | | 41 | = | 19 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 10 | | 39 | | 40 | = | 24 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 1 | | 25 | | 50 | | 45 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 26 | | 30 | | 5 | = | 21 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | | 26 | | 69 | | 50 | = | 34 / 86 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | ए | ह | स | प | ला | भी | इ |
| न | है | क | ज | ई | डे | ने | ह | ये | म | स्त |
| अ | जा | आ | द | य | फ्र | इ | ड | च | प | लि |
| हु | द | ल | मा | ज | ल | स | रा | क | इ | मो |
| व | रा | पो | लि | यो | वी | क | र | क | ते | लि |
| द | जे | कि | र | क | पा | का | म | ले | रि | या |
| शी | मा | दे | अ | व | धा | य | त | म | क | ती |
| को | दे | श | स्थ | न | प | य | रि | घु | व | ला |
| ह | दि | ल | मा | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| खि | ज | ति | ला | हि | ट | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | प | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | | |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | 5 | | | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| | | | 4 | | 5 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ




## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ




2
अप्रैल
हनुमान जन्मोत्सव
के इस पावन पर्व पर
आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं।

## खबर एक नजर...

### शादी की खरीददारी कर लौट रहा युवक घायल

**उज्जैन।** भेरूगढ़ क्षेत्र के ग्राम हरिगढ़ में रहने वाले नानूराम पिता सिद्धूलाल 23 साल के भाई का कुछ दिन बाद विवाह होना है। नानूराम शादी का सामान खरीदने के लिए उज्जैन आया था। खरीददारी के बाद बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था तभी रास्ते में ग्राम सिपावरा मार्ग पर बाइक के सामने कुत्ता आ गया जिसके चलते संतुलन बिगड़ने पर नानूराम गिरकर गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने गंभीर चोट होने पर कुछ दिनों तक उपचार के लिए भर्ती रखने की बात कही। घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही परिवार अस्पताल पहुंच गया था। विदित हो कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्ट्रीट डॉग (कुत्तों) की संख्या इतनी अधिक हो गई है कि दुर्घटना का कारण बन रहे हैं, यही नहीं स्ट्रीट डॉग आए दिन बच्चों से लेकर बुजुर्गों को अपना शिकार भी बना रहे हैं। बावजूद इसके नगर निगम और ग्राम पंचायतो द्वारा स्ट्रीट डॉग की धड़पकड़ का अभियान लगातार नहीं चलाया जा रहा है।

### नानाखेड़ा स्टेडियम के पास पलटा ई रिक्शा 2 घायल

**उज्जैन।** शांति पैलेस चौराहा के पास नानाखेड़ा स्टेडियम के सामने मंगलवार-बुधवार रात ई-रिक्शा पलटी खा गया। घटनाक्रम में 70 साल की कमलाबाई और 16 वर्षीय पहला व्यास निवासी अथर्व एनक्लेव घायल हो गए। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस द्वारा कीर्ति पति रूपम व्यास की शिकायत पर रिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। कीर्ति व्यास के अनुसार फ्रीगंज से वह रिक्शा में घर लौट रहे थे, चालक द्वारा तेजगति से रिक्शा चलाए जा रहा था। पुलिस ने रिक्शा जप्त कर लिया है।

### पिपलोन के घायल की निजी अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** आगर मालवा के ग्राम पिपलोन में रहने वाले सरदार पिता मांगूसिंह 42 साल को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर परिवार उपचार के लिये उज्जैन लाया गया था। जहां नीलगंगा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। बुधवार सुबह सरदार की मौत हो गई। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। मर्ग डायरी जांच के लिये आगर मालवा थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### तेजगति में आये डंपर ने कार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के विक्रम उद्योगपुरी मार्ग पर तेजाजी मंदिर के पास बुधवार सुबह तेजगति से आये डंपर ने पीछे से कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं डॉ. कृष्ण वल्लभ शर्मा निवासी वसंत विहार की पत्नी घायल हो गई। नरवर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### श्मशान में हार-जीत का दाव लगा रहे थे जुआरी

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ावदा श्मशान घाट पर कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की खबर पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने धरपकड़ के लिये टीम रवाना की, टीम ने दबिश देकर भागीरथ पिता रतनलाल 55 साल, दशरथ पिता भेरुलाल 30 साल, घनश्याम पिता रमेश पाटीदार 38 साल, राकेश पिता बसंतीलाल 43 साल निवासी खेडावदा, बबलू उर्फ विकास पिता राजेंद्र कुमार 47 साल निवासी नागदा रोड खाचरोद, मुबारक पिता अहमद 65 साल निवासी खातीपुरा कालका माता रोड रतलाम और फारूक पिता शेर 30 साल निवासी गुरु नानक मार्ग खाचरौद को हिरासत में लिया। सभी जुआरियों के पास से 7 हजार 260 रुपये नगद और ताश पत्ती बरामद की गई। थाना प्रभारी के अनुसार जुआ खेलने वालों के खिलाफ जुआ एक्ट अधिनियम की धारा 13 में प्रकरण दर्ज किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 678-1 | 126-9 |
| मेन बाजार | 457-6 | 340-7 |
| मिलन डे | 490-3 | 447-2 |
| मिलन नाइट | 147-2 | 149-4 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 4 | 9 |

भोपाल-रासयेन से आते थे, चैकिंग अभियान में धराये

# गिरफ्त में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले 2 बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ट्रेनों में यात्रियों के साथ होने वाली वारदतों को लेकर जीआरपी और आरपीएफ टीम द्वारा विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें 2 शातिर बदमाशों को पकड़ा गया है। दोनों ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करते थे। उनके पास से 50 हजार रुपए कीमत के 2 मोबाइल बरामद किये गये है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि बुधवार को रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये विशेष चैकिंग अभियान आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव के साथ संयुक्त रूप से चलाया गया था। इस दौरान नागदा आउटर क्षेत्र में 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, उनके पास से 2 कीमती मोबाइल मिले। पूछताछ करने पर दोनों ने मोबाइल ट्रेनों में यात्रियों के



### प्रयागराज ट्रेन से चोरी किया था मोबाइल

थाना प्रभारी भावसार के अनुसार बदमाशों से बरामद मोबाइल की जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि 30 मार्च को विदिशा के रहने वाले रामचरण रजक ने प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा के दौरान अपना रेडमी कंपनी का मोबाइल चोरी होने की शिकायत जीआरपी का दर्ज कराई थी। दूसरे मोबाइल के संबंध में जांच जारी है। दोनों भोपाल रायसेन से ट्रेनों में चोरी करने के निकलते थे और अलग-अलग स्टेशन तक पहुंचते थे।

चोरी करना कबूल किया। मोबाइल चोरी का खुलासा होने पर उन्हे गिरफ्तार किया गया। इस दौरान उनके नाम अमित तोमर 35 साल निवासी भोपाल और रोहित तोमर निवासी रायसेन सामने आये। जिसकी कीमत 51 हजार के लगभग थी। दोनों का अपराधिक रिकार्ड निकालने पर सामने आया कि अमित तोमर के खिलाफ थाना बागसेवनिया, मण्डीदीप, बुधनी, जीआरपी गाडरवाड़ा एवं जीआरपी रानीकमलापति में 10 संगीन मामले दर्ज है। वहीं रोहित तोमर के खिलाफ थाना मण्डीदीप में 3 प्रकरण दर्ज है। दोनों को मोबाइल चोरी के आरोप में न्यायालय पेशकर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

# मृतक ने जहर खाने से पहले बनाया था वीडियो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। 6 दिनों पहले जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में पुलिस को उसके मोबाइल की डिटेल खंगाली है। जिसमें एक वीडियो सामने आया है। जहरीला पदार्थ खाने से पहले उसने उक्त वीडियो बनाया था। जिसमें कुछ लोगों से परेशान होने की बात कहीं गई है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि 25 मार्च की शाम आशु मेतरानी माता मंदिर के पास से एक युवक का शव लोगों की सूचना पर बरामद किया गया था। जिसकी दूसरे दिन पहचान निलेश पिता अर्जुन जोशी 30 साल निवासी नईदिल्ली उन्हेल हाल मुकाम पंवासा किराये का मकान के रूप में हुई थी। उसकी जेब से सल्फास का एक खाली और दूसरा भरा पाऊच मिला था। पहचान होने पर पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की गई थी। इस दौरान मृतक का मोबाइल मिला, जिसकी डिटेल खंगालने पर एक वीडियो सामने आया है। जिसमें कुछ लोगों के नाम है, जिनके द्वारा उसे परेशान किया जा रहा था। वीडियो में किस बात के लिये परेशान कर रहे थे इसका उल्लेख नहीं किया है। वीडियो जहरीला पदार्थ खाने से पहले का सामने आया है। थाना प्रभारी के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज होना शेष है। उसके बाद ही वीडियो में बताये गये नामों के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी।

# बहू तलाश में निकली तो कुएं में मिली सास की लाश

### मानसिक रूप से थी बीमार ग्रामीणों ने निकाला शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानसिक रूप से बीमार वृद्धा बुधवार सुबह घर से निकल गई, काफी देर तक वापस नहीं आई तो बहू तलाश में निकली। इस दौरान घर के पीछे कुएं में सास का शव पड़ा होना सामने आया। ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया, लेकिन मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

घट्टिया तहसील के ग्राम कदवाली में रहने वाली शारदा बंजारा मानसिक रूप से बीमार अपनी सास मीराबाई पति बापू बंजारा 73 साल को घर नहीं पाकर उनकी तलाश में निकली। आसपास गांव वालों से पूछने पर कुछ पता नहीं चला। इस दौरान घर के पीछे खेत में तलाश के लिये पहुंची। जहां कुएं के पास चप्पल



दिखाई दी। शंका होने पर अंदर झांका तो सास पड़ी दिखाई दी। परिवार और गांव वालों को बुलाकर आधे घंटे की मशक्कत के बाद मीराबाई को बाहर निकाला गया, लेकिन मौत हो चुकी थी। वृद्ध महिला की लाश कुएं से मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। परिजनों ने बताया कि मानसिक रूप से बीमार थी, पहले भी कई बार घर से चली गई थी। 2-3 दिन की तलाश के बाद उन्हे घर लाया गया था। उसके बाद से काफी ध्यान रखा जाता था, लेकिन सुबह अचानक घर में दिखाई नहीं तो उनकी तलाश शुरू की गई थी। एसआई अलकेश डांगी ने बताया कि कुआ ग्राम कदवाली में रहने वाले दरबार का है, जिसकी मुंडेर भी एक से डेढ़ फीट की है। प्रारंभिक जांच में मामला हादसा प्रतीत हो रहा है। लेकिन मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट आने और जांच में घटना की सही वजह सामने आ पायेगी।

नगर निगम के कर्मचारियों ने रसीद कट्टे लिए हिसाब कर जमा नहीं किए

# आडिट को नहीं मिले 20 रसीद कट्टे, गबन की आशंका

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन,सामान्य पावती,वाहन पार्किंग, जलकर के हैं रसीद कट्टे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में एक बार फिर से गबन की आशंका बलवती हो रही है। कर्मचारियों को वसूली के लिए दिए गए 20 रसीद कट्टे गायब हैं। कर्मचारियों ने रसीद कट्टे तो लिए लेकिन उनका हिसाब कर जमा नहीं किए हैं। इसके चलते नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने की संभावनाओं को बल मिल रहा है। इस मामले को स्थानीय संपरीक्षा आडिट विभाग ने खोला है।

नगर निगम में रसीद कट्टे से गडबड का यह पहला मामला सामने नहीं आया है। दो दशक पूर्व में पीएचई में भी ऐसा मामला सामने आया था। गायब 20 रसीद कट्टे स्वास्थ्य विभाग के साथ ही राजस्व विभाग अन्यकर,पीएचई के कर्मचारियों को वसूली के लिए दिए गए थे लेकिन वसूली उपरांत कर्मचारियों ने हिसाब देकर इन्हें जमा नहीं किया है। इसी पर यह स्थिति उभरी है।

**आडिट रिपोर्ट में खुलासा-** स्वच्छता के लिए स्पाट फाईन एवं अन्य वसूली के कट्टे गायब होने के मामले का खुलासा ऑडिट रिपोर्ट में होने के बाद निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इसके अलावा यह भी सामने आया है कि कर्मचारियों ने नगर निगम के कार्यों के लिए एडवांस राशि ली लेकिन उसका हिसाब कर लौटाया नहीं हैं।

**ये लिखा आडिट ने-** आडिट विभाग ने अपनी और से नगर निगम को लिखे पत्र में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में विभिन्न मदो की वसूली हेतु विभिन्न झोनो एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (जलकर) में वसूलीकताओं द्वारा उपयोग की गई रसीद बुकों में से कतिपय रसीद बुकें सम्परीक्षा हेतु वर्षान्त तक प्रस्तुत नही की गई है। जिससे रसीद बुकों से वसूल की गई मदवार राशियों का निगम कोष में जमा का सत्यापन किया जाना संभव नही हो सका। रसीद बुकें संपरीक्षा हेतु प्रस्तुत नही किये जाने से इनसे वसूली की गई राशि का दुरूपयोग किया जाकर निगम को आर्थिक क्षति पहुँचाई जाने की प्रबल संभावनायें है। अतः अब म.प्र. नगर पालिक निगम (वित्त एवं लेखा) नियम 2018 के अध्याय 12 के नियम 232 में प्रावधान के परिपालन में परिशिष्ट क्रमांक 05 अनुसार अविलम्ब रसीद बुकें आवासीय सम्परीक्षा को उपलब्ध करवाये जाने हेतु निगम प्रशासन का विशेष ध्यान आकर्षित किया जाता है। अप्राप्त रसीद बुकों में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता प्रकाश में आने पर निगम प्रशासन पूर्णतः उत्तरदायी होगा। साथ ही मुख्य स्टोर द्वारा जारी रसीद बुक्स कम्पलीट होने के पश्चात उपयोग की गई रसीद बुक्स स्टोर में वापस जमा किया जाना भी सुनिश्चित कर संपरीक्षा को अवगत करावें।

**हिसाब नहीं तो सख्त कार्रवाई-** मामले की गंभीरता को देखते हुए एमआईसी के समक्ष ऑडिट फाइंडिंग रिपोर्ट रखी गई है। नगर निगम आयुक्? अभिलाष मिश्रा ने कहा कि यह फाईंडिंग रिपोर्ट है । इसमें कई तरह की फाईंडिंग है । जो एडवांस लिया वो जमा नहीं किया। चालान की बुक जमा नहीं की। इस तरह की फाईंडिग आती है। उस पर कार्रवाई की जाती है। ये हर वर्ष की रूटीन प्रक्रिया है। इस वर्ष एडवांस वाली बात थी उस पर रिकवरी जारी है। कुछ कर्मचारी खूद भर रहे हैं। कई बार संबंधित कर्मचारियों से वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चालान की बुक के मामले में कई बार सही समय पर प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं जिसका विवरण में आ जाता है।

# पिता ने फटकार लगाई तो घर छोड़ निकली बालिका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवास गेट थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 साल की बालिका को पिता ने सोमवार-मंगलवार रात काम करने की बात को लेकर फटकार लगा दी थी। बालिका पिता की बात पर नाराज हो गई। मंगलवार दोपहर वह घर से बिना बताए निकल गई। शाम तक घर नहीं लौटी तो परिवार ने तलाश शुरू की, सभी रिश्तेदारों और कारखाने में नहीं मिलने पर रात में परिवार देवासगेट थाने पहुंचा और पुत्री के लापता होने की जानकारी देते हुए बताया कि परिवार एंब्रॉयडरी का काम करता है। काम को लेकर पिता ने डांटा था। तत्काल थाना प्रभारी



अनिला पाराशर ने नाबालिक के लापता होने पर एसआई रामेश्वर धानक, प्रधान आरक्षक अवधेश प्रताप और आरक्षक सुनील को अलर्ट किया वही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखें। बालिका चामुंडा माता चौराहा से प्रेम छाया मार्ग की ओर जाती दिखाई दी। फुटेज परिजनों को दिखाया गया, उन्होंने अपनी बेटी होने की पुष्टि की। पुलिस ने बालिका के जाने वाले रास्ते को ट्रेस किया और एक घंटे में महाकाल मंदिर क्षेत्र से दस्तयाब कर लिया। पूछताछ करने पर बालिका ने बताया कि पिता द्वारा डांटने पर वह घर छोड़कर निकली थी। थाना प्रभारी पाराशर में बालिका को समझाया और परिजनों के सुपुर्द किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com